# नव संवत्सर समारोह के शुभारंभ पर बही रचनाओं की बयार

- अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** नव संवत्सर महोत्सव की शुरुआत मंगलवार को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन से हुई। नामचीन रचनाकारों ने नगरपालिका प्रांगण में अपनी प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि श्रोताओं ने देर रात तक व्यंग्य, ओज, श्रृंगार एवं हास्य रचनाओं का लुत्फ उठाया।

देश में व्याप्त कई जीवंत मुद्दों पर सुरों की जो महफ़िल शाम को शुरू हुई वह आधी रात तक बदस्तूर जारी रही। कवि सम्मेलन का कुशल संचालन ओज कवि अभिजीत मिश्रा ने किया। अध्यक्षता जिला संघ चालक डॉ. आरएस गुप्ता ने की। वीररस के कवि योगेन्द्र शर्मा ने पढ़ा, मैं रश्मिरथी का कालचक्र, रुक जाना मेरा कर्म नहीं। स्थितप्रज्ञ हिमालय जैसा हूं, झुक जाना मेरा धर्म नहीं। कवि सम्मेलन में दिल्ली से पधारे मनवीर मधुर ने पढ़ा बांसुरी बजाते ऐसे लगते है वंशीधर, रुद्र जैसे लय में प्रलय बांच रहे हैं। जबलपुर के सुदीप भोला ने पढ़ा-जाति का ना पाति का घमंड रखना, हिंदुओं की एकता अखंड रखना। अभिजीत मिश्रा ने भी अपनी रचना सुनायी। डॉ. रुचि चतुर्वेदी ने पढ़ा-चाल-चाल गति की हैं, भाल सत्य का विशाल ताल, ताल ताल की भी ताल श्री राम हैं।


काव्य पाठ करते भीलवाड़ा (राजस्थान) से पधारे कवि योगेन्द्र शर्मा। ● अमृत विचार


कार्यक्रम में मौजूद श्रोता। ● अमृत विचार

रीवा (मध्य प्रदेश) से पधारे हास्य कवि कामता माखन ने पढ़ा-तुम भारत को भारत रहने दो ना एडवांस करो जी। शिवेश राजा ने पढ़ा-कोहसा जूठ का जब सत्य को ढकने लगेगा, जब जब मूल्य मानव जाति का घटने लगेगा। इसी प्रकार संजय सांवरा ने पढ़ा-मोम था या कि फौलाद क्या देखते। तेरे दीदार के बाद क्या देखते। प्रियांशु गजेंद्र ने पढ़ा-फूलों के दिन, शूलों के दिन, गुड़हल और बबूलों के दिन सबके आते हैं। दिन से क्या घबराना, दिन तो आते जाते हैं।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से विभाग संघ चालक गंगा बक्स सिंह, जिला प्रचारक रवि प्रकाश, जिला कार्यवाह सुधीर, सह जिला कार्यवाह पारितोष, भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा, राजरानी रावत, उपेंद्र सिंह रावत, अरविंद मौर्य, डॉ. विवेक वर्मा, विजय आनंद बाजपेई, श्रवण सिंह, मनीष परिहार, विपिन सिंह राठौर, पंकज गुप्ता, आशीष सिंह, पंकज कंवल, संतोष सिंह, शिवकुमार व्यास, रवि अवस्थी, विभम, प्रमोद तिवारी, नवीन राठौर, डॉ. सुजीत चतुर्वेदी, रामकुमारी मौर्य, ओमप्रकाश वर्मा, अमन वर्मा, राजेश वर्मा, मनीष श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बस स्टेशन विकास का हिस्सा लोगों को मिलेगा लाभ:दयाशंकर

## भिटरिया में नवनिर्मित बस स्टेशन का परिवहन राज्यमंत्री ने किया लोकार्पण

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भिटरिया में नवनिर्मित बस स्टेशन का लोकार्पण मंगलवार को प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह और राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने फीता काटकर किया।

लगभग 3 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से बने इस आधुनिक बस स्टेशन से क्षेत्र में विकास की नई उम्मीदें जाग उठीं। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंदिर के ट्रस्टी डॉ. शिवाकांत त्रिवेदी द्वारा पूजा-अर्चना से हुई।


बस स्टेशन का लोकार्पण करते मंत्री दयाशंकर सिंह व सतीश शर्मा। ● अमृत विचार

इसके बाद मंत्री दया शंकर सिंह ने परिवहन विभाग की पांच बसों को हरी झंडी दिखाकर रायबरेली, चित्रकूट, अयोध्या, जौनपुर, वाराणसी, प्रयागराज, कौशांबी, दिल्ली और हैदरगढ़ सहित विभिन्न शहरों के लिए रवाना किया।

मुख्य अतिथि दया शंकर सिंह ने कहा कि यह बस स्टेशन विधानसभा दरियाबाद क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास कार्यों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा और परिवहन व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि रामसनेहीघाट क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से बस स्टैंड की कमी का सामना करना पड़ रहा था। यात्रियों को बस पकड़ने के लिए इधर उधर भटकना पड़ता था, लेकिन अब इस बस स्टेशन के निर्माण से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। इस दौरान उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह, क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्र, परिवहन निगम लखनऊ क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ, बाराबंकी की सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक जमीला खातून, केंद्र प्रभारी एके अवस्थी, प्रभारी लाल बहादुर श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष राम भुल्लन वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह रिंकू सहित कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# दुर्घटनाओं में दो की मौत व छह लोग हुए घायल

**बाराबंकी: अमृत विचार :** सड़क हादसों का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा। अलग अलग जगहों पर हुई घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घुंघटेर थाना क्षेत्र के छिलगांवा मजरे अटहरा गांव निवासी राम सुमिरन गौतम (35) सोमवार शाम करीब सात बजे बाइक से निकले थे। बाबागंज के पास उनकी बाइक ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया, जहां रात करीब नौ बजे उनकी मौत हो गई। मृतक राजगीर मिस्त्री था और अपने पीछे दो पुत्र व एक पुत्री छोड़ गया है। दूसरी घटना सफदरगंज थाना क्षेत्र में लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर बघेला का पुरवा मजरे पल्हरी के पास मंगलवार पूर्वाह्न करीब साढ़े दस बजे हुई। सवारियों से भरा ई-रिक्शा एक निजी बस के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से टकरा गया। हादसे में चार लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी जैदपुर पहुंचाया गया, जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में एक 55 वर्षीय अज्ञात अधेड़ को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि मुजीब (22) निवासी सफदरगंज को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ भेजा गया है। पुष्पेंद्र (30) निवासी कबीरपुर का इलाज जारी है। तीसरा हादसा कोतवाली क्षेत्र में हुआ, जहां बम्हरौली निवासी छोटू मंगलवार सुबह हैदरगढ़ जा रहे थे। रास्ते में उन्होंने रेलवे कर्मचारी ज्ञानेश्वर प्रसाद को लिफ्ट दी। हैदरगढ़ बस स्टॉप के सामने उनकी बाइक कार से टकरा गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी से ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। वहीं टिकैतनगर में भेलसर-टिकैतनगर मार्ग पर सोमवार देर रात एक बाइक पलट गई। हादसे में चाचा-भतीजा जयपाल और अनंतराम निवासी कुशबर घायल हो गए।

# सील गोदाम में मिला घरेलू गैस सिलेंडरों का जखीरा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सोमवार को छापेमारी के दौरान सील किए गए गोदाम का शटर खुलवाए जाने पर अंदर घरेलू गैस सिलेंडरों का जखीरा मिला। यहां पर 44 सिलेंडर मिले जिनमें कुछ भरे थे। गोदाम स्वामी के खिलाफ जांच की जा रही है। उधर स्कूल से सिलेंडर चोरी मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया।


गोदाम से बरामद सिलेंडर।

गैस सिलेंडर की जारी किल्लत व उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी के बीच पूर्ति विभाग ने सोमवार को आवास विकास कालोनी में छापेमारी की तो यहां पर बंद मिला एक गोदाम सील कर दिया गया। इसी क्रम में मंगलवार को टीम ने सेंट्रल एकेडमी के सामने सील किया गया नरेंद्र वर्मा का गोदाम खुलवाया तो अंदर 44 घरेलू गैस सिलेंडर मिले। इनमें पांच आंशिक भरे थे। इसी तरह तीन व्यावसायिक व एक छोटा सिलेंडर मिला। यह सारी सामग्री जब्त कर विभाग ने जांच शुरू कर दी है। टीम में एआरओ आलोक मिश्र, नायब तहसीलदार राजीव वर्मा, एसआई इमरान मंजूर, अवधेश पांडेय मौजूद रहे। डीएसओ राकेश तिवारी ने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में घरेलू सिलेंडरों का एक स्थान पर मिलना कालाबाजारी की ओर इशारा करता है। कालाबाजारी रोकने के लिए छह टीमें सक्रिय हैं। उधर थाना दरियाबाद पुलिस ने ग्यास निवासी ग्राम सरायशाह व लवकुश वर्मा को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी का एक सिलेंडर बरामद किया। इनके द्वारा सोमवार को सरायशाह आलम विद्यालय में सिलेंडर की चोरी की गई थी।

# हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बाइक सवार दो युवक मंगलवार देर रात सड़क हादसे में घायल हो गए। अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जरवल रोड क्षेत्र के ग्राम करमुल्लापुर निवासी कुलदीप (21), थाना परसपुर के राजापुर निवासी अपनी बुआ के पुत्र पवन (25) को पंजाब जाने के लिए बस पकड़वाने जा रहे थे। दोनों बाइक से एक ढाबे की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम नाचना के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को सीएचसी भेजा गया।

प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद बहाल कराया।

# गायों के अवशेष मिलने से उपजा तनाव, पुलिस अलर्ट

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में घर के बाहर बंधी गायों के जगह जगह अवशेष मिलने से तनाव फैल गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित की गई हैं। गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

जानकारी के अनुसार गोंडा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सुल्तानपुर गांव निवासी राकेश कुमार यादव ने सोमवार शाम अपनी दो गायों को घर के सामने बांध दिया था। रात में अज्ञात चोर दोनों गायों को खोलकर ले गए और घर से करीब सौ मीटर दूर उनका वध कर मांस लेकर फरार हो गए। मंगलवार भोर परिजनों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद ग्रामीणों के साथ तलाश शुरू की गई। कुछ दूरी पर रोशन चक मोड़ के पास दोनों गायों के अवशेष अलग-अलग स्थानों पर पड़े मिले। यह दृश्य देख ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बल बुलाया गया। पुलिस ने अवशेषों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि अज्ञात लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाद विभिन्न हिन्दू संगठनों में भी आक्रोश देखा गया। पदाधिकारियों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए चेतावनी दी कि कार्रवाई न होने पर आंदोलन किया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। वहीं, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ने भी मौके का निरीक्षण किया।

# युवती की शादी में रोड़ा बन रहा शोहदा

**कोठी, बाराबंकी: अमृत विचार :** नसीरवापुर में एक युवती ने युवती की शादी रुकवाने और जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक युवक साथ तय हुई है। पीड़िता के अनुसार, उसके ही गांव का इस्लाम पुत्र रईस इस शादी का विरोध कर रहा है। आरोप है कि इस्लाम ने उसे गाली-गलौज करते हुए होने वाले पति को धमकी दी कि यदि वह बारात लेकर आया तो उसे और बारातियों को जान से मार दिया जाएगा। कहा कि वह किसी भी हालत में यह शादी नहीं होने देगा। युवती ने बताया कि इस्लाम उस पर जबरन शादी का दबाव बना रहा है और पहले भी उसकी शादी रुकवा चुका है। आरोपी ने उसके पिता को भी धमकी दी कि वह उसी की बेटी से शादी करेगा। पीड़िता का आरोप है कि इस्लाम के परिजन उसके घर आए व परिवार को जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

कॅरियर मेला

एडीजे व डीएम-एसपी ने छात्रों को दिये कॅरियर के टिप्स

# 'उड़ान' में मिली कॅरियर विकल्पों की जानकारी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राजकीय इण्टर कालेज बाराबंकी के ऑडिटोरियम में मंगलवार को आयोजित जनपद स्तरीय कॅरियर मेला उड़ान का आयोजन किया गया। मेले में माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में कॅरियर विकल्पों और संभावनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। विद्यालयों द्वारा निर्मित पंख पोर्टल की वर्ष भर की गतिविधियों की झांकी भी स्टाल्स पर प्रदर्शित की गई।


कार्यक्रम का शुभारंभ करते एडीजे श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह। ● अमृत विचार

कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिला न्यायाधीश श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर न्यायाधीश ने विधि एवं न्यायपालिका क्षेत्र में करियर विकल्पों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग और भारतीय प्रशासनिक सेवा में करियर बनाने के टिप्स दिए और इंटरनेट युग में ज्ञान के चयन पर जोर दिया।

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने स्वयं के अनुभव साझा करते हुए सफलता के लिए दृढ़ संकल्प की आवश्यकता बताई और पुलिस सेवा में करियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। अपर राज्य परियोजना निदेशक विष्णु कान्त पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी, वित्त एवं लेखाधिकारी संतोष कुमार मौर्य, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा अखिलेन्द्र सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव सिंह और डॉ. डी. के. श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों ने कला, चिकित्सा, नर्सिंग, पैरामेडिकल, बैंकिंग, प्राविधिक शिक्षा, उद्योग, पशुपालन और मत्स्य विभाग में करियर विकल्पों की जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में पंख पोर्टल की नोडल दीपमाला वर्मा के निर्देशन में छात्राओं ने लघु नाटिका 'परी हूं मैं' प्रस्तुत की। अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामिया इण्टर कालेज के एनसीसी कैडेटों ने कार्यक्रम व्यवस्था में सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन आशीष पाठक, नेशनल इण्टर कालेज, फतेहपुर ने किया और सह संयोजक डॉ. पूनम सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री अशोक कुमार त्रिपाठी, राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य राधेश्याम, अरविन्द सिंह, भानू प्रताप सिंह, एकनाथ मणि त्रिपाठी, विजय कुमार गुप्ता, राकेश कुमार ठाकुर, डॉ. प्रमोद कुमार, पूनम कन्नौजिया, डॉ. सुविद्या वत्स, इक्बाल फातिमा, रश्मि सिंह, मंजू श्रीवास्तव, अनंत कुमार अस्थाना, तौहीद हसन खान सहित अन्य प्रधानाचार्य और शिक्षक उपस्थित रहे।

# सप्ताह में एक दिन चलाया जाए अतिक्रमण विरोधी अभियान

निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन व अन्य अधिकारियों के साथ नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में नगर निकायों की कार्यप्रगति, स्वच्छता, अतिक्रमण नियंत्रण, राजस्व वसूली और विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी निकायों में सप्ताह में एक दिन अतिक्रमण विरोधी अभियान प्रभावी ढंग से चलाया जाए और सतत प्रवर्तन सुनिश्चित हो, ताकि सड़कों पर दुकानें न लगें। सार्वजनिक स्थलों, सड़कों और नालियों पर अतिक्रमण मिलने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही तालाबों के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में उन पर कब्जा न होने पाए। आय बढ़ाने के लिए तालाबों को मत्स्य पालन के लिये नियमानुसार नीलाम करने और अन्य स्रोत विकसित कर राजस्व सुदृढ़ने के निर्देश दिए।

स्वच्छता व्यवस्था में प्रतिदिन शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन सुनिश्चित करने तथा खाली प्लॉटों पर कूड़ा न जमा होने देने को कहा गया। डीएम ने निर्माणाधीन कार्यों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने, कल्याण मंडप निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने और राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना और शहरी आजीविका मिशन की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सरदार भूपेंद्र सिंह को जीत पर दी बधाई


बधाई देते जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह सिद्धू व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर के लाजपत नगर गुरुद्वारा स्थित श्री गुरु सिंह सभा की प्रबंधक कमेटी के चुनाव में सरदार भूपेंद्र सिंह ने एक बार फिर प्रधान पद पर जीत दर्ज कर अपना दबदबा कायम रखा। उनकी जीत से समर्थकों में खुशी की लहर है और बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह सिद्धू ने पहुंचकर उन्हें माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान संगठन के महामंत्री भूपेंद्र शुक्ला, उपाध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा, संगठन मंत्री अतुल गुप्ता, रामसरण गुप्ता, विधिक सलाहकार ऋषि कालरा, शहर अध्यक्ष मन्नू लाल चौरसिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कश्यप और अमित श्रीवास्तव ने भी उनका स्वागत किया।

## 3.5 करोड़ के विकास कार्यों की मंजूरी


बैठक को संबोधित करते ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव। ● अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में करीब 3.5 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की योजना मंजूर की गई। बैठक में बीडीओ डॉ. नेहा शर्मा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया और बीते पांच वर्षों में लगभग 17 करोड़ रुपये से कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। इस वित्तीय वर्ष में पंचम वित्त से 2.04 करोड़ और 15वें वित्त से 1.45 करोड़ की लागत से 23 विकास कार्य पूरे किए गए। बैठक में शिक्षा, विद्युत समेत विभिन्न विभागों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। बैठक में 54 ग्राम प्रधान, 68 क्षेत्र पंचायत सदस्य, एडीओ पंचायत कुंवर स्वरूप, सचिव यशवंत सिंह, भूपेंद्र श्रीवास्तव, जुगल किशोर, पुष्पराज यादव और प्रधान शान बहादुर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आधार सेंटर का हुआ उद्घाटन


उद्घाटन करते ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह।

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत कमेला में मंगलवार को आधार सेंटर का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह और बीडीओ पूजा सिंह ने फीता काटकर किया। रामदेव सिंह ने बताया कि अब ग्रामीण नया आधार बनवाने, पता या मोबाइल नंबर अपडेट और फोटो अपडेट जैसी सभी सेवाएं सरकारी शुल्क के साथ सीधे अपने गांव में ही प्राप्त कर सकेंगे। बीडीओ पूजा सिंह ने कहा कि कमेला हैदरगढ़ की पहली पंचायत है जहां आधार सेवा केंद्र की शुरुआत हुई है। सचिव चंद्रभान पांडे ने बताया कि सेंटर का संचालन पंचायत सहायक श्वेता तिवारी करेंगी और सभी कार्य दिवसों में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। उद्घाटन अवसर पर प्रधान राजेश कुमारी, उनके पति बरसाती लाल और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया स्थापना दिवस


भंडारे में प्रसाद वितरित करते हुए चेयरमैन रामशरण पाठक। ● अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहल्ला धमेड़ी-2 स्थित नर्मदेश्वर रामेश्वर महादेव मंदिर का स्थापना दिवस मंगलवार को श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मनाया गया। मंदिर परिसर में चौबीस घंटे तक 'ॐ नमः शिवाय' का अखंड जाप कराया गया, जिसके समापन पर विधिवत हवन-पूजन संपन्न हुआ। इसके बाद कन्या भोज और भंडारे में श्रद्धालुओं को छोले-चावल व बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर के प्रबंधक और नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने कहा कि भगवान शिव की आराधना से मन, वचन और कर्म की शुद्धि होती है और मंदिर सकारात्मक ऊर्जा का केंद्र है। इस अवसर पर पूर्व सभासद दयाशंकर तिवारी, संजय, पंकज, सोनू, मोनू, सनी मिश्रा, हरीश तिवारी का योगदान सराहनीय रहा। सपा नेता शीतला बख्श सिंह, सचिन पुजारी तिवारी और बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## क्षेपं की बैठक में उठा मानदेय न मिलने का मुद्दा


बैठक को संबोधित करतीं ब्लॉक प्रमुख। ● अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खंड सभागार में ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक 5830 आवास आवंटित होने और 22 अपूर्ण रहने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री आवास योजना में 382 आवास दिए गए, जिसमें 12 अपूर्ण हैं। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत अब तक 1251 स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं। ब्लॉक प्रमुख द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 2 वर्ष से मानदेय न मिलने का मुद्दा उठाया, जिस पर खंड विकास अधिकारी ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत सड़क खोदकर डालने, विद्युत विभाग की कार्यशैली और पंचम राज्यहित योजना तथा केंद्रीय 15वें वित्त योजना के तहत किए गए विकास कार्यों की समीक्षा भी की गई। जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार यादव, मोहम्मद शहंशाह, मोहम्मद कलाम, मनोज सोनी, फैजाबाद सांसद प्रतिनिधि सुधांशु वर्मा, बाराबंकी सांसद प्रतिनिधि अमित कुमार त्रिवेदी समेत ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

## सरकारी कार्य में बाधा, लेखपाल से अभद्रता

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में तैनात एक लेखपाल के साथ अभद्रता और मारपीट की धमकी देने का मामला सामने आया है। क्षेत्रीय लेखपाल प्रमोद कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह तहसील रामसनेही घाट के अंतर्गत लिलार क्षेत्र के खेतासराय गांव में शिकायत की जांच के लिए पहुंचे थे। बताया गया कि 16 मार्च की दोपहर गांव निवासी सरिता सिंह द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिए गए पत्र की जांच के दौरान गांव के ही असलम पुत्र फारूक और वैस पुत्र फारूक मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि दोनों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए लेखपाल के सरकारी कागजात फाड़ दिए और गालियां देने लगे। यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने लाठी से मारने की धमकी दी और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। घटना का वीडियो साक्ष्य भी उपलब्ध होने की बात कही गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मुठभेड़ में गो तस्कर घायल, दो साथी गिरफ्तार

## असोहा थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में पैर में लगी गोली, घायल को अस्पताल भेजकर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** असोहा थानाक्षेत्र में सोमवार देररात पुलिस व गोतस्करों का आमना-सामना हो गया। दोनों ओर से हुई फायरिंग में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। वहीं पुलिस टीम ने उसके दूसरे साथी को भागते समय पकड़ लिया। हालांकि अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हुए तीसरे साथी को भी एसओजी व सर्विलांस टीम की मदद से पुलिस ने दबोच लिया। घायल हुए बदमाश को अस्पताल में भर्ती करा पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

पुरवा सीओ तेज बहादुर सिंह के अनुसार सोमवार देररात करीब 12:30 बजे असोहा-कालूखेड़ा मार्ग स्थित चंदनखेड़ा पुल के पास चेकिंग लगाई गई थी। तभी एसओजी व सर्विलांस टीम से इनपुट मिला कि गोवंश तस्करी में शामिल 3 युवक बाइक से कालूखेड़ा से असोहा जा रहे हैं। इस पर एसओ फूल सिंह ने अतिरिक्त फोर्स के साथ घेराबंदी कर एक बाइक सवार 3 युवकों को रोकने का प्रयास किया। इस पर उन्होंने भागने की कोशिश की लेकिन बाइक फिसलने से तीनों गिर गए। पकड़े जाने के भय से एक बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली एक बदमाश के बाएं पैर में लग गई। उसे घायल देख दोनों साथियों ने मौके से भागने का प्रयास किया। जिसमें एक को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। लेकिन दूसरा उस समय भागने में सफल रहा। घायल तस्कर की पहचान रफीक निवासी जमुनाखेड़ा थाना दही व असोहा थानाक्षेत्र के शिवगढ़ निवासी मनमोहन यादव के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे आवारा गोवंश को पकड़कर उनकी तस्करी करते हैं। इसी उद्देश्य से जंगल में असोहा की ओर जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से तमंचा, कारतूस, दो मोबाइल फोन बरामद कर बाइक को सीज कर घायल रफीक को सीएचसी असोहा भेजा है। वहीं मंगलवार सुबह पकड़े गए बदमाशों से मिली जानकारी पर एसओजी प्रभारी जयप्रकाश यादव ने सर्विलांस टीम की मदद से फरार हुए तीसरे तस्कर झंडा शंकर निवासी शिवगढ़ असोहा को भी दबोच लिया। एसओ फूल सिंह ने बताया कि रफीक पर गोवध निवारण अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में पहले से भी मुकदमे दर्ज हैं। बताया कि तीनों तस्करों पर कार्रवाई कर जेल भेजा जा रहा है।



घायल गोतस्कर को ले जाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी को भगाने वाले को 2 साल की सजा

**उन्नाव, अमृत विचार :** बेहटा मुजावर थानांतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने 31जुलाई- 2022 को थानाक्षेत्र के अरगूपुर गांव निवासी मंगलू पर उसकी नाबालिग बेटी को बहलाकर ले जाने व एससीएसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को 4 दिसंबर- 2022 को जेल भेजा था। आईओ ने जांच कर 7 दिसंबर-2022 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। मुकदमे की अंतिम सुनवाई में मंगलवार को शासकीय अधिवक्ता मनोज पांडेय की दलील व साक्ष्य के आधार पर न्यायाधीश ममता सिंह ने मंगलू को दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 2000 का अर्थदंड भी लगाया।

### अनियंत्रित डंपर ने कार में मारी टक्कर

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** मंगलवार दोपहर उन्नाव जा रही एक कार को पीछे से आ रहे अनियंत्रित डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। कार चालक ने डंपर चालक के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### 2 दिन बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** चौड़ीकरण कार्य के अंतर्गत मरहला चौराहा से बाबा कुटी तक 11 केवी लाइन शिफ्टिंग का कार्य होगा। इस कारण 18 व 19 मार्च को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र गोकुल बाबा उन्नाव से निकलने वाले 11 केवी गायत्रीनगर फीडर से जुड़े कई क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक करीब 7 घंटे आपूर्ति बाधित रहेगी।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक ने मौके पर तोड़ा दम

● **घटना स्थल पर आधे घंटे तक रुकी पुणे-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन**

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचारः** कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर सहजनी के पास मंगलवार सुबह एक अज्ञात युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। सूचना पर आरपीएफ व गंगाघाट पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान न होने पर शव मोर्चरी में रखवा दिया।

मंगलवार सुबह करीब 10:10 बजे झांसी पैसेंजर गंगाघाट रेलवे स्टेशन से मगरवारा जा रही थी। तभी सहजनी के पास पोल संख्या 62/28 व 62/30 के बीच करीब 27 वर्षीय युवक ने ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। इसकी जानकारी स्टेशन मास्टर को दी गई। इसके बाद आरपीएफ पहुंची और गंगाघाट पुलिस को मेमो भेजा। सूचना पर मरहला चौकी इंचार्ज टीम के साथ पहुंचे और ट्रैक पर पड़े शव को हटवाया। पुलिस ने युवक की तलाशी ली। लेकिन उसके पास से पहचान से जुड़ा कोई दस्तावेज नहीं मिला। आसपास के लोगो भी उसे पहचान नहीं सके। इस दौरान डाउन लाइन पर आने वाली पुणे-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन को भी करीब आधे घंटे तक सिग्नल नहीं मिल सका। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मृतक ने ग्रे पैंट, हल्के हरे रंग की शर्ट व सफेद बनियान पहनी थी। उसके हाथ पर सूरज वर्मा नाम गुदा है।

# मनरेगा मजदूरों के हक को कांग्रेस सड़क पर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने विकास भवन परिसर में सरकार की नीतियों के विरुद्ध मनरेगा मजदूरों के बकाया भुगतान व संविदा कर्मियों के मानदेय को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि मनरेगा कानून को शिथिल किए जाने के कारण प्रदेश के करीब एक करोड़ मजदूरों का 75 दिनों का करीब 2 हजार करोड़ का भुगतान लंबित है। कहा कि एक ओर सरकार विकास के दावे करती है वहीं दूसरी ओर ग्राम रोजगार सेवकों सहित 40 हजार संविदा कर्मियों को बीते 6 माम से मानदेय नहीं मिला है। कांग्रेस यह अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगी और इसकी लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ी जाएगी। कांग्रेस कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए विकास भवन पहुंचे। नारेबाजी के बीच डीडीओ ने प्रदर्शन स्थल पहुंचकर जिलाध्यक्ष से ज्ञापन लिया और आश्वासन दिया कि इसे जल्द ही राज्यपाल को प्रेषित कर दिया जाएगा। इस दौरान उपाध्यक्ष हनुमंत सिंह, चंद्र प्रकाश शुक्ला 'छुन्ना', विनय प्रकाश श्रीवास्तव, विधि विभाग चेयरमैन जितेन्द्र सिंह 'जीतू', महामंत्री अजय गौतम, युसुफ रफी फारुकी, खुर्रम व कमलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।



नारेबाजी करते हुए विकास भवन की ओर जाते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● **राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा**

# रैंकिंग में फिसड्डी विभागों पर डीएम सख्त

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** डीएम गौरांग राठी ने विकास कार्यों व सरकारी योजनाओं के प्रति लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर नाराजगी जताई है। विकास भवन सभागार में हुई मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में डीएम ने खराब रैंकिंग वाले विभागों पर गहरी नाराजगी जताते हुए उन्हें अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए।

बैठक में एक-एक विभाग की प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें डीएम ने खराब प्रदर्शन पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। इनमें मुख्यमंत्री आवास, ग्राम विकास, महिला एवं बाल कल्याण, महिला विकास, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जिला एक उत्पाद, जल जीवन मिशन व 15वां वित्त आयोग रहे। डीएम ने स्पष्ट कहा कि जिले की ओवरऑल रैंकिंग में गिरावट किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि वे स्वयं प्रतिदिन डैशबोर्ड देखें और प्रगति सुनिश्चित करें। सीएम डैशबोर्ड की बैठक से पहले डीएम ने 50 लाख से अधिक लागत वाली जिले की प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निर्देश देते हुए कहा कि लंबित परियोजनाओं को तय समय में पूर्ण करें। निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। कार्य पूर्ण होते ही तत्काल हैंडओवर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। बैठक में सीडीओ कृतिराज, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



बैठक में मातहतों को निर्देश देते डीएम गौरांग राठी। ● अमृत विचार

● **सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए दिशा निर्देश**

# सामूहिक विवाह में 31 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ

● **कश्यप निषाद समाज कल्याण सोसाइटी ने पेश की समाज सेवा व भाईचारे की मिसाल**

**उन्नाव, अमृत विचारः** समाज सेवा व आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए कश्यप निषाद समाज कल्याण सोसाइटी की जिला इकाई द्वारा 31 सर्व जातीय कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

शहर के पीडीनगर स्थित एक गेस्ट हाउस में हुए इस समारोह में विभिन्न समुदायों के जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थाम नए जीवन की शुरुआत की। शुभारंभ मुख्य अतिथि नरेंद्र कश्यप राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ने किया। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सामूहिक विवाह न केवल फिजूलखर्ची रोकता है बल्कि समाज में एकता व समरसता का भाव भी पैदा करता है। उन्होंने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए सभी आगंतुकों का अभिवादन स्वीकार किया। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मुन्नीलाल कश्यप ने की। इस दौरान लखनऊ से आए समिति संरक्षक बसंतू कश्यप ने सभी 31 जोड़ों को गृहस्थी का जरूरी सामान व उपहार भेंट किए। जिलाध्यक्ष व कार्यक्रम आयोजक संजय गौड़ ने अपनी पूरी जिला टीम के साथ व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखा।

# पालिका में आउटसोर्सिंग पर लोकायुक्त की जांच शुरू

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचारः** नगर पालिका गंगाघाट में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की नियुक्ति को लेकर जनप्रतिनिधियों व कर्मियों द्वारा सगे-संबंधियों को लाभ पहुंचाने के आरोपों की जांच शुरू हो गई है। मामले की शिकायत लोकायुक्त में होने के बाद मंगलवार को 3 सदस्यीय जांच टीम नगर पालिका पहुंची। टीम ने करीब 3 घंटे तक ईओ व शिकायतकर्ता से पूछताछ कर जानकारी जुटाई।

गांधी नगर निवासी राजेंद्र गुप्ता ने नगर पालिका गंगाघाट पर नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 82 व 83 के दुरुपयोग का आरोप लगा आउटसोर्सिंग कर्मियों की आपूर्ति के लिए कराए गए टेंडर के संबंध में लोकायुक्त से शिकायत की थी। इस शिकायत के आधार पर लोकायुक्त के निर्देश पर हरदोई से 3 सदस्यीय टीम जांच के लिए पहुंची। जांच टीम में वरिष्ठ कोषाधिकारी अनुराग द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार व ग्रामीण विकास अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता प्रदीप पाल शामिल थे।

टीम ने नगर पालिका पहुंचकर ईओ मुकेश मिश्रा व शिकायतकर्ता राजेंद्र गुप्ता को बुलाकर मामले की जानकारी ली। इस दौरान टीम ने ईओ से संबंधित पत्रावली भी मांगी। लेकिन वह मौके पर दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। वहीं शिकायतकर्ता से भी साक्ष्य मांगे गए। इस पर राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि उन्हें मौखिक सूचना देकर बुलाया गया था और उन्होंने लोकायुक्त को जो लिखित शिकायत दी है उसी आधार पर जांच करने की बात कही। उन्होंने दो दिन में जरूरी साक्ष्य उपलब्ध कराने की बात कही है। करीब 3 घंटे तक चली पूछताछ व जानकारी जुटाने के बाद जांच टीम लौट गई। शिकायत कर्ता ने बताया कि वह तीसरे दिन साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए हरदोई जाएंगे। मामले की जांच जारी है।



पालिका में जांच करती हरदोई से आई तीन सदस्यीय टीम। ● अमृत विचार

● **तीन सदस्यीय टीम ने ईओ और शिकायतकर्ता से की पूछताछ**

## पुण्यतिथि पर संदीप टंडन को दी श्रद्धांजलि

**उन्नाव, अमृत विचार :** पूर्व सांसद अन्नू टंडन के पति स्व. संदीप टंडन की 16वीं पुण्यतिथि पर जिले के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर भावपूर्ण स्मरण किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने पति को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि संदीप जी ने उन्हें हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करने का जो विचार व ऊर्जा दी उसी प्रेरणा से वे आज तक समाजसेवा में निरंतर योगदान दे रही हैं। उन्होंने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक अत्यंत निर्धन परिवार की सहायता करते हुए सफीपुर ब्लॉक के लिलौरी गांव निवासी रेखा रावत पत्नी स्व. राकेश रावत को परिवार के भरण-पोषण के लिए एक दुधारू गाय दान की। इस दौरान अनूप मेहरोत्रा, नीरू टंडन, राजेश टंडन, विवेक शुक्ला, विमल मेहरोत्रा, हृदय प्रकाश श्रीवास्तव, पूर्व बार अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह, अजय श्रीवास्तव, वीर प्रताप सिंह, उदयराज यादव, अमित शुक्ला, अंकित सिंह परिहार, संजय निगम, ज्ञानेंद्र सिंह, इस्माइल खान आदि मौजूद रहे।



गोदान करतीं पूर्व सांसद अन्नू टंडन।

## लिटिल मिलेनियम प्री स्कूल व डे केयर सेंटर का हुआ शुभारंभ

**उन्नाव, अमृत विचार :** शहर के आवास विकास बी ब्लॉक में लिटिल मिलेनियम प्री स्कूल व डे केयर सेंटर का शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने फीता काटकर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर शुभारंभ किया। शिक्षक विधायक ने कहा कि यह नगर क्षेत्र में उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षण के साथ डे केयर सुविधा देने वाली पहली संस्था है। उन्होंने बच्चों के खेलने के उपकरणों की व्यवस्था को भी सराहा। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने भी विद्यालय की प्रशंसा की। नगर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्र ने भी व्यवस्था को सराहा। तारा निगम ने बताया कि यहां छोटे बच्चों को सुबह 8 से शाम 4 बजे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उनके देखभाल की व्यवस्था की जाएगी। संस्थापक संजीव निगम ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डॉ. मनोज श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान शिक्षक नेता भारत चित्रांशी, हरिहर दीक्षित, उमाकांत, प्रभात सिन्हा, प्रमोद मिश्रा आदि मौजूद रहे।



फीता काटते शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल।

# उत्तर पुस्तिका की जांच को दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवावदाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से शुरू होगा। इसके लिए जिले के 4 विद्यालयों को केंद्र बनाया गया है। चारों केंद्रों में मंगलवार को परीक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

जीजीआईसी मूल्यांकन केंद्र में इंटर संस्कृत, उर्दू, अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, गणित, शिक्षा शास्त्र, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, अकाउंटेंसी व व्यावसायिक ट्रेड विषय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना है। इसके लिए 31 डिप्टी हेड 289 परीक्षकों की बोर्ड से नियुक्त की गई थी। जो परीक्षक आए उन्हें मूल्यांकन केंद्रों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रधानाचार्य परमात्मा शरण ने बताया कि आज जो परीक्षक आए हैं उन्हें प्रशिक्षण दिया गया है। कहा गया है कल से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन बोर्ड के निर्देश पर किया जाए। प्रशिक्षण पर्यवेक्षक कमलेश कुमार ने दिया। डीआईओएस ने बताया कि मूल्यांकन 15 दिनों में होना है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में इंटर की 77606 उत्तर पुस्तिकाओं व अटल बिहारी इंटर कॉलेज में इंटर की 78477 उत्तर पुस्तिकाओं का आवंटन बोर्ड से किया गया है। हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन राजकीय इंटर कॉलेज में 100296 व डॉ. जीनाथजी दयाल बालिका इंटर कॉलेज में 105148 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाना है। इस प्रकार चारों केंद्रों में 361527 उत्तर पुस्तिकाओं का निरीक्षण 1584 सहायक परीक्षक करेंगे।



जीआईसी में परीक्षकों को प्रशिक्षण देते पर्यवेक्षक व प्रधानाचार्य।

● **4 केंद्रों में बुधवार से होगा 361527 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन**

# मेगा ब्लॉक से पहले स्क्रैप हटाने का कार्य शुरू

● **ट्रफ बदलने के कार्य में रेलवे ने तैयारियां की तेज**

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचारः** कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग पर अगले माह रेलवे पुल के डाउन लाइन में ट्रफ बदलने के प्रस्तावित कार्य को लेकर रेलवे ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में मंगलवार को गंगाघाट रेलवे क्रासिंग के आसपास बीते करीब दो वर्षों से पड़े स्क्रैप को हटाने का कार्य शुरू कराया गया। रेलवे कर्मचारियों ने लोहे के पाइप, रेल और अन्य धातु सामग्री को काटकर छोटे टुकड़ों में ट्रकों के जरिए हटाया।

गंगा नदी पर बने रेलवे पुल के डाउन लाइन के जर्जर ट्रफ बदलने का कार्य होना है। उनके स्थान पर नये एच बीम चैनल स्लीपर लगाये जायेंगे। एचबीम स्लीपर व अन्य उपकरण किसी भी समय कानपुर पुल बायां किनारा रेलवे स्टेशन पर पहुंच सकते हैं। इन सामग्रियों को क्रासिंग के आसपास ही रखा जाएगा। ताकि मेगा ब्लॉक के दौरान कार्य स्थल तक उन्हें आसानी से पहुंचाया जा सके। इसके लिए रेलवे लाइन किनारे की जगह खाली कराई जा रही है। बताया जा रहा है कि बीते वर्ष अप लाइन पर ट्रफ बदलने के दौरान निकाला गया स्क्रैप भी अभी तक लाइन किनारे पड़ा था। जिसे अब हटाया जा रहा है। रेल कर्मियों का कहना है कि डाउन लाइन पर होने वाले कार्य के दौरान ट्रफ व अन्य उपकरणों को रखने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराना आवश्यक है। जिससे निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए।

## घरेलू सिलेंडर से काटे जा रहे लोहे के पाइप

**शुक्लागंज :** स्क्रैप हटाने के दौरान कर्मियों द्वारा घरेलू सिलेंडर से गैस कटर की मदद से लोहे के पाइप, एंगल व अन्य धातु सामग्री को काटा जा रहा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि कटिंग के बाद स्क्रैप को वाहनों में लादकर वहां से हटाया गया। वहीं घरेलू सिलेंडरों की किल्लत होने के बाद भी रेलवे को आसानी से गैस सिलेंडर मिलने पर वहां से निकलने वाले लोगों ने सवाल खड़े किये हैं।

## रुक्मिणी-कृष्ण विवाह व सुदामा चरित्र सुनकर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** शंकरपुर सरॉय स्थित मां फूलमती देवी मंदिर के पास आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथावाचक पंडित रामजी त्रिवेदी ने रुक्मिणी-कृष्ण विवाह व सुदामा चरित्र का वर्णन किया। जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के दौरान पंडित रामजी त्रिवेदी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण व रुक्मिणी का विवाह प्रेम, आस्था व धर्म की विजय का प्रतीक है। वहीं सुदामा चरित्र के माध्यम से उन्होंने सच्ची मित्रता, भक्ति व विश्वास का महत्व बताया। कहा कि सच्चे मन से भगवान का स्मरण करने पर भक्त के सभी कष्ट दूर होते हैं। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारी और सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान पूरा परिसर भक्ति गीतों व जयकारों से गूंज उठा। आयोजकों ने बताया कि 7 दिनों तक चली इस श्रीमद्भागवत कथा में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।



कथा का बखान करते व्यास।

## परिषदीय विद्यालयों में हुईं परीक्षाएं

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** शासन के निर्देशानुसार परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक की वार्षिक परीक्षाएं सोमवार से शुरू हुई थीं। मंगलवार को दूसरे दिन प्रथम व द्वितीय पाली में परीक्षाएं संपन्न कराई जा रही हैं। नगर पालिका क्षेत्र के गंगाघाट प्राथमिक विद्यालय, कन्या प्राथमिक विद्यालय, खैरहा प्राथमिक विद्यालय, गगनीखेड़ा कंपोजिट विद्यालय व सरैयां प्राथमिक विद्यालय समेत शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में परीक्षा आयोजित हुई। प्रथम पाली सुबह 9 :30 से 11 :30 बजे तक चली। जिसमें गणित की परीक्षाएं संपन्न हुईं। वहीं द्वितीय पाली दोपहर 12 :30 से 2 :30 बजे तक हुई। जिसमें छात्रों की उर्दू व संस्कृत की परीक्षा कराई गई। परीक्षा के दौरान विद्यालयों में शांतिपूर्ण माहौल रहा। परीक्षाएं निर्धारित समय-सारणी के अनुसार आगे भी जारी रहेंगी।

धर्म-कर्म

**शहर के बड़ा चौराहा, सदर बाजार, सिविल लाइन व गांधी नगर तिराहा जैसे व्यावसायिक क्षेत्रों में लगीं पूजन सामग्री की अस्थाई दुकानें**

# चैत्र नवरात्र की तैयारियों से सजे बाजार, मंदिरों में साफ-सफाई तेज

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** आस्था और शक्ति की उपासना का पर्व चैत्र नवरात्र गुरुवार से शुरू हो रहा है। पर्व को लेकर जिले के बाजारों में रौनक बढ़ गई है और चारों ओर उत्सव जैसा माहौल है।

मंगलवार को शहर के प्रमुख बाजारों में पूजन सामग्री की दुकानें सज गईं। जहां सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। शहर के बड़ा चौराहा, सदर बाजार, सिविल लाइन व गांधी नगर तिराहा जैसे व्यावसायिक क्षेत्रों में विशेष रूप से पूजन सामग्री की अस्थाई दुकानें लग गई हैं। यहां मिट्टी के कलश, नारियल, चुनरी, माता का श्रृंगार, हवन सामग्री, पान के पत्ते व फल खरीदने के लिए लोगों की भीड़ देखी जा रही है। कलश व माता का दरबार सजाने के सामान की भारी मांग है। नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री के पूजन के साथ ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने की संभावना है। इसे देखते हुए शहर के प्राचीन व प्रसिद्ध कल्याणी, दुर्गा, अन्नपूर्णा धाम मंदिर व नवाबगंज के कुशहरी देवी, दुर्गा मंदिर, बक्सर स्थित चंद्रिका माता सहित अन्य मंदिरों में साफ-सफाई व सजावट का कार्य चल रहा है। मंदिरों को आकर्षक लाइटों व फूलों से सजाया जा रहा है। बाजारों में बढ़ती भीड़ व मंदिरों में जुटने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन भी मुस्तैद है। प्रमुख चौराहों पर यातायात व्यवस्था सुचारु बनाने के निर्देश हैं।



पूजन सामग्री की दुकान में खरीदारी करती महिला।

## राजराजेश्वरी मंदिर में उमड़ेगी आस्था

**बांगरमऊ, उन्नाव :** आगामी चैत्र नवरात्र को देखते हुए नगर के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की जा रही हैं। क्षेत्र के राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर में भी तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। जहां नवरात्र के प्रथम दिन से धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक करुणा शंकर शुक्ल ने बताया कि चैत्र नवरात्र गुरुवार से शुरू हो रहे हैं। इस अवसर पर प्रथम नवरात्र को मंदिर प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ होगा। कथा श्रवण व पूजन के लिए श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। इसके लिए मंदिर प्रशासन सतर्क है। श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के लिए मंदिर परिसर व वहां पहुंचने वाले मुख्य मार्गों की सफाई कराई जा रही है। मंदिर के सिंह द्वार सहित संपूर्ण परिसर को भव्य रूप दिया जा रहा है। इसके साथ माता रानी के विशेष श्रृंगार का कार्य भी शुरू हो गया है। जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र होगा। मंदिर प्रबंधक ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से श्रीमद्भागवत कथा व अन्य कार्यक्रमों की विस्तृत सूचना पुलिस व तहसील प्रशासन को दे दी गई है। ताकि पर्व के दौरान व्यवस्था सुचारु रहे।



सजाया गया मां राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर।

## न्यूज ब्रीफ

### तमंचे के साथ दबोचा गया शातिर

पिहानी, हरदोई, अमृत विचार। तमंचे सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने युद्धवीर उर्फ खिलाड़ी पुत्र वीरेश कुमार निवासी ग्राम दरियाबाद, थाना पसगवां, जनपद खीरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### जमीनी विवाद में दो पक्षों में चलीं लाठी

उन्नाव, अमृत विचार। आसीवन थानाक्षेत्र के साल्हेनगर गांव निवासी रमेश चंद्र (65) ने थाने में दी तहरीर मे बताया कि वह परिवार के साथ कानपुर में रहते हैं। सोमवार को वह गांव आए थे। जहां जमीनी विवाद में 8 बजे उनके पारिवारिक भाई रामबली ने उससे गालीगलौज की। मना करने पर उसने साथियों के साथ उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। दोनों पक्षों में हुई मारपीट में रमेश व उनका बेटा राकेश म घायल हुआ। वहीं दूसरे पक्ष से रामबली व उसकी पत्नी ऊषा (50) को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। एसओ प्रदीप सिंह ने बताया कि दोनों ओर से तहरीर मिली है। रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### डीसीएम की टक्कर से ऑटो चालक घायल

परियर उन्नाव, अमृत विचार। सफीपुर कोतवाली अंतर्गत परियर चौकी क्षेत्र के परियर गांव से करोवन जाने वाले हाईवे पर जूड़ा पुरवा गांव के पास हुए क हादसे में तेज रफ्तार डीसीएम ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें ऑटो सवार जूड़ा पुरवा निवासी नीरज उर्फ कल्लू पुत्र बेनी निषाद गंभीर घायल हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल भेजा। इसके बाद हाईवे पर कुछ देर के लिये यातायात बाधित रहा। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में लिया है।

# खाई में गिरी कार, युवक की मौत

## तिलक समारोह से लौटते समय गंगा एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा

संवाददाता, हरदोई


रामचेला की फाइल फोटो।

अमृत विचार। कार सवार अपने दोस्त की बेटी के तिलक से वापस लौट रहा था। उसी बीच गंगा एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर सामने से आ रहे ट्रैक्टर-ट्राली को बचाने में कार खाईं में जा गिरी, जिससे उसे चला रहे युवक की मोत हो गई, जबकि दूसरा ज़ख्मी हो गया। पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है।

बिलग्राम कोतवाली के बिंदौरी नेवादा निवासी 45 वर्षीय रामचेला उर्फ ज्ञानेंद्र सिंह पुत्र छोटेलाल सोमवार को कुतुआपुर निवासी अपने दोस्त भगवान शरण की बेटी का तिलक चढ़ाने अरवल थाने के श्रीमऊ गया हुआ था, वहीं से देर शाम को 50 वर्षीय भगवान शरण पुत्र भगौतापुर के साथ अपनी कार से लौट रहा था। उसी बीच गंगा एक्सप्रेस-वे के जरौली शेरपुर बलेंदा गांव की सर्विस रोड पर अचानक सामने से ट्रैक्टर-ट्राली आ गई, जिसे बचाने में रामचेला उर्फ ज्ञानेंद्र सिंह ने जैसे ही कार का स्टेयरिंग मोड़ा, कार बेकाबू होकर खाई में जा गिरी, जिसमें दोनों बुरी तरह ज़ख्मी हो गए। घायलों को सीएचसी बिलग्राम पहुंचाया गया, जहां रामचेला की मौत हो गई, जबकि भगवान शरण का इलाज चल रहा है। खेती-बाड़ी करने वाले रामचेला के परिवार में पत्नी छोटी बिटिया, एक बेटा अनूप व दूसरी बेटी संध्या है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, चार घायल

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र में लालपुर कनहरी मोड़ के पास सोमवार को दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में पिता-पुत्री समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना में घायल अनिल निवासी नेहरू नगर माधौगंज और उनकी 16 वर्षीय पुत्री आकांक्षा शामिल हैं। चिकित्सकों ने अनिल की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार जरौली शेरपुर निवासी इमरान (19) पुत्र इस्लाम और मोहित पुत्र कल्लू भी इस हादसे में घायल हुए हैं, जिनका इलाज मेडिकल कॉलेज हरदोई में जारी है। अनिल अपनी पुत्री के साथ माधौगंज से हरदोई जा रहे थे। इसी दौरान हैबतपुर के पास विपरीत दिशा से आ रही बाइक से उनकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चकरोड के विवाद में संघर्ष एक की मौत व चार घायल

संवाददाता, हरदोई, सांडी

अमृत विचार। चकरोड के विवाद में एक ही परिवार के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है, हालत गंभीर होने पर एक घायल को हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

साण्डी थाने के मदारपुर निवासी बुज़ुर्ग बृजकिशोर ने पुलिस को बताया कि सोमवार को उसके परिवार के गिरेंद्र, रनवीर, करन व अमर सिंह ने चकरोड को लेकर अचानक लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिसमें उसके अलावा उसे बचाने पहुंचे उसके दामाद कन्नौज ज़िले के खानपुर चौबे थाना छिबरामऊ निवासी 24 वर्षीय प्रवेश पर फावड़े से हमला कर सिर फाड़ दिया। वहीं दूसरे पक्ष से अमर सिंह (27) पुत्र नरवीर ने तहरीर दी है, जिसमें उसने कहा कि वह अपने भाई करन (26) व पिता नरवीर (47) के साथ दरवाज़े पर बैठा था। उसी बीच परिवार के ही सतेंद्र, जितेंद्र, सचिन, ब्रजकिशोर व दीपू ने लाठी डंडों से हमला कर तीनों के सिर फोड़ दिए। जिन्हें सीएचसी साण्डी में भर्ती कराया गया। वहां से नरवीर को मेडिकल कालेज और मेडिकल कालेज से हायर सेंटर लखनऊ रेफर रेफर कर दिया गया। जहां रनवीर की मौत हो गई है।

### नशे की दवा खिलाकर दुष्कर्म का आरोप

कछौना, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र में रिजवान नामक आरोपी पर युवती के साथ एक साल से अधिक समय तक ब्लैकमेल करने, दुष्कर्म और वीडियो वायरल करने का गंभीर आरोप लगा है। 14 मार्च को आरोपी ने नशीला पदार्थ देकर युवती से दुष्कर्म किया। वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। आरोप है कि बीमार होने पर जब युवती ने उसका विरोध किया तो पीड़िता के अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़िता के परिवार ने जब विरोध किया तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कछौना थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपी की हिरासत में ले लिया गया है। विवेचना बघौली प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश मिश्रा कर रहे है

# युवक ने दूसरे के मकान में जाकर कमरे में लगाई फांसी


मोहित की फाइल फोटो।

हरदोई, अमृत विचार। मुण्डन संस्कार में शामिल हुए युवक की किसी से मोबाइल पर गाली-गलौज हुई। उसके बाद युवक पड़ोसी की छत से कूदकर कोटेदार के घर पहुंचा और वहीं कमरे के अंदर फांसी लगा ली। घर वाले उसे सारी रात ढूंढते रहे। मंगलवार को उसका शव बरामद किया जा सका। पुलिस ने मोबाइल कब्ज़े में ले कर छानबीन शुरु कर दी है।

टड़ियावां थाने के अगौलापुर निवासी 24 वर्षीय मोहित पुत्र राकेश कुमार सोमवार की शाम बगल के खाली पड़े मकान की छत से कूदकर कोटेदार अभिषेक के घर पहुंचा और वहां फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ताऊ रामनरेश ने बताया कि मोहित गांव में पुत्तन लाल के घर मुण्डन संस्कार में शामिल गया था। उसने दोस्तों के साथ डीजे पर डांस भी किया, उसके बाद दिखाई नहीं दिया, लेकिन उसी बीच कुछ लोगों ने उसे मोबाइल कोटेदार अभिषेक के मकान की खिड़की से कमरे में झांका। वहां किसी का शव फंदे से लटकता दिखाई देने पर बच्चे चिल्लाने लगे। कमरे का दरवाज़ा खोला गया तो वहां मोहित का शव लटका मिला।

# बाग में मिला अज्ञात युवक का शव

संवाददाता, कछौना, हरदोई


घटना स्थल पर जानकारी लेते क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार यादव व थाना अध्यक्ष अमित सिंह।

अमृत विचार। क्षेत्र के कस्बे के पतसेनी में पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय श्रीनिवास अग्रवाल के आम के बाग में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। किसान ने खेत में दवाई छिड़काव के दौरान दुर्गंध महसूस की, तो जांच करने पर शव दिखा।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। शव लगभग 10-12 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष बताई जा रही है, जो काली शर्ट और काली पैंट पहने था। चेहरा व हाथ-पैर सड़ चुके हैं, जिससे पहचान मुश्किल है। बाग के किनारे झाड़ियों में शव के पास करीब 5 मीटर दूरी पर एक चप्पल भी मिली। चेहरे पर किसी केमिकल जैसा पदार्थ डालकर पहचान मिटाने की कोशिश की गई लगती है। ग्रामीणों में हत्या की आशंका से सनसनी फैल गई है। पास ही कानपुर बालामऊ रेलवे लाइन गुजरती है, जिससे तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार यादव और फॉरेंसिक टीम ने मौके का मुआयना किया। थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि शव की पहचान अभी नहीं हो पाई है। इसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई जारी

- कई दिन पुराना है शव, हत्या की आशंका

# ससुर व दामाद की पिटाई से घायल गौशाला के केयर टेकर की मौत

संवाददाता, हरदोई



अमृत विचार। गौशाला का केयर टेकर दुकान पर बकाया देने पहुंचा, जहां नशे में धुत ससुर और दामाद उसे गाली-गलौज करने लगे। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने केयर टेकर को पीटकर अधमरा कर दिया। केयर टेकर को सीएचसी से हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर मामला दर्ज करते हुए आरोपी ससुर-दामाद को हिरासत में लिया है।

कासिमपुर थाने के बंतला खेड़ा मजरा बड़ागांव निवासी फूलचंद्र (45) पुत्र मंगरू गौशाला का केयर टेकर था। रविवार की शाम वह शराब ठेके के बगल में किराने की दुकान पर बकाया देने गया था। वहीं पर झामखेड़ा निवासी चन्द्रा और उन्नाव जिले के गंज बरौकी कोतवाली बांगरमऊ निवासी उसका दामाद दिनेश नशे की हालत में गाली-गलौज कर रहा था। फूलचंद्र के विरोध करने पर दोनों ने विवाद करते हुए उस पर हमला कर दिया। लखनऊ में इलाज के दौरान सोमवार की रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पत्नी रामबेटी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए ससुर चन्द्रा व दामाद दिनेश को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# पाइप लाइन से गैस रिसाव, मचा हड़कंप

- इलाके में किया गया ब्लैक आउट, डीएम ने लिया जायजा

संवाददाता, हरदोई


पेट्रोलियम अधिकारियों से जानकारी लेते जिलाधिकारी अनुनय झा।

अमृत विचार। पीएनजी की अंडर ग्राउंड पाइप लाइन में एका-एक तेज़ आवाज़ के साथ रिसाव होने लगा। इसका पता होते ही इलाके में सन्नाटा छा गया। अनहोनी को टालने के लिए इलाके का ब्लैक आउट कर ट्रेफिक तो दूर राहगीरों को भी रोक दिया गया। डीएम अनुनय झा अफसरों के साथ पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। उधर दमकल कर्मियों की टीम ने इलाके को अपने घेरे में लेते हुए तुरंत सप्लाई रुकवा कर जांच शुरु कर दी है।

मंगलवार की देर शाम को बावन रोड पानी की टंकी के पास से अंडर ग्राउंड पड़ी पीएनजी गैस लाइन से तेज़ आवाज़ के साथ गैस रिसाव होने लगा, पहले तो कोई कुछ समझ नहीं पाया, लेकिन जैसे ही पता चला, हर किसी के चेहरे उड़ गए। डीएम अनुनय झा सीओ सिटी अंकित मिश्रा पूरे अमले के साथ पहुंचे, उन्होने पेट्रोलिम के अफसरों से बात की, वही पुलिस और दमकल कर्मियों की टीम ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर पुरी तरह से आवाजाही रोक दी, अनहोनी को टालने के लिए बिजली काट दी गई, आनन-फ़ानन में पेट्रोलियम अफसरों को पूरी बात बताते हुए सप्लाई बंद करा दी गई। खबर लिखे जाने तक पाइप लाइन को दुरुस्त किए जाने का काम चल रहा था। पुलिस पूरे मामले की सख्त मानीटरिंग कर रही है।

# 20 एसआई व कई चौकी प्रभारियों का स्थानांतरण

हरदोई। एसपी अशोक कुमार मीणा ने जिले में तैनात 20 एसआई का स्थानांतरण करते हुए कुछ को लाइन हाज़िर कर दिया। इसके अलावा उन्ही में से कई चौकी प्रभारी भी बदले हैं। सोमवार की देर रात जारी हुई तबादला सूची में शाहाबाद कोतवाली में तैनात एसआई सोमल राय पासवान व हेड कांस्टेबल सत्यवीर सिंह व हेड कांस्टेबल जंग बहादुर सिंह यादव को लाइन हाज़िर कर दिया है। एसपी ने पुलिस लाइन में तैनात एसआई विनोद गोस्वामी को मल्लावां की राघौपुर पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया है, जबकि राघौपुर में तैनात प्रभारी एसआई प्रदीप पाण्डेय को शाहाबाद की सरदार गंज पुलिस चौकी प्रभारी होंगे। सरदार गंज चौकी प्रभारी एसआई अतुल गुप्ता सवायजपुर की रूपापुर चौकी भेजे गए है। वहीं रूपापुर के चौकी प्रभारी एसआई शिवशंकर मिश्रा माधौगंज की कुरसठ चौकी प्रभारी बनें है। कुरसठ चौकी प्रभारी एसआई विनोद कुमार शर्मा अब एसएसआई अतरौली होंगे। इसी तरह से शाहाबाद कोतवाली में तैनात एसआई राजेश चौधरी टड़ियावां थाने की भड़ायल चौकी की ज़िम्मेदारी संभालेंगे। पुलिस लाइन में तैनात एसआई श्याम बाबू को एसएसआई पिहानी, पिहानी में तैनात एसआई तौफीक अहमद को सुरसा व एसआई सूर्यमणि यादव को शाहाबाद, पुलिस लाइन में तैनात एसआई राजू प्रसाद को क्रिटिकल कॉरिडोर टीम सुरसा का प्रभारी बनाया गयख है, जबकि वहां तैनात एसआई नज़र मोहम्मद को लाइन हाज़िर कर दिया गया है। पुलिस लाइन में तैनात एसआई अमित कुमार को हरपालपुर, पिहानी में तैनात एसएसआई मुकुट सिंह यादव को एसएसआई लोनार, शाहाबाद में तैनात एसआई लाखन सिंह पिहानी, क्रिटिकल कॉरिडोर टीम शाहाबाद के प्रभारी एसआई दीपक कुमार को हरपालपुर, क्रिटिकल कॉरिडोर टीम हरपालपुर के प्रभारी एसआई शमशेर अहमद को शाहाबाद, अतरौली में तैनात एसआई मसरूर आलम को माधौगंज, माधौगंज में तैनात एसआई गजेंद्र प्रताप सिंह को अतरौली भेजा गया है, वहीं एसआई आशीष त्यागी का माधौगंज से अतरौली हुआ तबादला संशोधित कर उन्हे पिहानी में तैनात किया गया है। उसी सूची में मल्लावां में तैनात कांस्टेबिल गगन सिंह को मझिला, हेड कांस्टेबिल गिरीश चन्द्र को सुरसा से पाली और कांस्टेबिल सत्येंद्र कुमार को पुलिस लाइन से मल्लावां भेजा गया है।

# निर्माणाधीन मकान की छत से गिर कर मजदूर की मौत

उन्नाव, अमृत विचार। निर्माणाधीन मकान में सो रहे मजदूर की छत से गिरकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा है।

माखी थानाक्षेत्र के लहबरपुर गांव निवासी नंदन (40) पुत्र स्व. छंगा गौतम की शादी नहीं हुई थी। वह मजदूरी कर खर्च चलाता था। बीते एक सप्ताह से वह राजमिस्त्री भतीजे दिनेश के साथ शुक्लागंज में एक निर्माणाधीन मकान में मजदूरी करने के साथ वहीं रुकता था। रविवार रात वह मकान की पहली मंजिल में सो रहा था। तभी देररात पानी पीने के लिए उठने के दौरान वह छत से नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गया था। भतीजे की सूचना पर भाई बुद्धिलाल व अन्य परिजन उसे सरकारी अस्पताल की जगह गांव ले आए। जहां एक निजी डॉक्टर के क्लिनिक में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वह 5 भाइयों में दूसरे नंबर पर था। उसकी मौत से भाई नेकराम, रूपन, बुद्धिलाल व छोटे लाल बेहाल रहे। बताते हैं कि परिजन शव के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे तभी किसी ने इसकी सूचना पीआरवी को दे दी। इसके बाद पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ योगेंद्र सिंह ने बताया कि भाई ने छत से गिरकर मौत होने का प्रार्थनापत्र दिया था। इस पर पोस्टमार्टम कराया गया है।

# कामर्शियल सिलेंडर मिलना मुश्किल

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। तहसील प्रशासन की सख्ती के बाद नगर में रसोई गैस वितरण की स्थिति में सुधार दिखा है लेकिन व्यावसायिक गैस का संकट अब भी छोटे दुकानदारों के लिए मुसीबत बना हुआ है।

बता दें कि एसडीएम बृजमोहन शुक्ला द्वारा सोमवार को गैस एजेंसी संचालकों के साथ की गई बैठक का असर मंगलवार को देखने को मिला। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू रसोई गैस के वितरण की व्यवस्था पटरी पर लौटी है। वितरण केंद्रों पर लगने वाली लंबी कतारें गायब रहीं और उपभोक्ताओं को आसानी से सिलेंडर मिले। घरेलू गैस की आपूर्ति सुधरने के बावजूद कामर्शियल रसोई गैस की किल्लत जस की तस बनी है। आलम यह है कि बाजार से कामर्शियल सिलेंडर नदारद हैं। जबकि पर्दे के पीछे इनका खेल धड़ल्ले से जारी है। आरोप है कि कामर्शियल सिलेंडर दोगुने दामों पर बेचे जा रहे हैं। आपूर्ति न होने से कई छोटे होटल संचालक मजबूरी में घरेलू गैस को व्यवसायिक सिलेंडरों में रिफिल कर काम चला रहे हैं। गैस की किल्लत व महंगाई ने छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ दी है। नगर पालिका के सामने चाय-पकौड़ी दुकानदार धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि एजेंसियों पर कामर्शियल गैस नहीं है। रोजी-रोटी के लिए लकड़ियों व कोयले का सहारा लेना पड़ रहा है। लेकिन इनकी बढ़ती कीमतों से लागत निकालना भी मुश्किल है।


लकड़ी से भट्ठी जलाता होटल संचालक धर्मेंद्र राठौड़।

### फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव

उन्नाव, अमृत विचार। बेटी की बारात आने के एक माह पूर्व अधेड़ ने पेड़ पर फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं बेटे ने बताया कि पिता कर्ज से परेशान थे। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के भुठिया परुशरामपुर गांव निवासी धर्मेंद्र (54) के पास अधिक खेती न होने से वह मजदूरी करता था। सोमवार देरशाम वह थाना क्षेत्र के बाबरियागंज साप्ताहिक बाजार से सब्जी लेकर लौटा और घर से बिना बताए निकल गया। मंगलवार सुबह घर से करीब 300 मीटर आगे गांव निवासी दिलीप के बाग में पेड़ में उसका शव रस्सी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पत्नी सुख देवी शव देख बेहाल हो गई।

# ससुराल से लौटे युवक की घर पर अचानक हुई मौत

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के नसीरपुर भिक्खन गांव में ससुराल से लौटे युवक की अचानक मौत हो गई। पिता की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें सिर में आई अंदरूनी चोट से मौत होने की पुष्टि हुई है। नसीरपुर-भिक्खन गांव निवासी रूपन ने बताया कि उनका बेटा मनोज उर्फ लालू (25) मजूदरी करता था। बड़े बेटे राजू की मौत होने से मनोज पारिवारिक रजामंदी से उसकी पत्नी सुनीता के साथ रहता था। उसके दो बच्चे भी हैं। 10 दिन पहले मनोज ससुराल पलिया गया था। जहां से लौटने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई और वह फर्श पर गिर कर अचेत हो गया। अस्पताल लाने से पहले उसकी मौत हो गई। मंगलवार को परिजन अंतिम संस्कार करने जा रहे थे तभी एक रिश्तेदार ने पोस्टमार्टम कराने की सलाह दी। जिसमें फेफड़े व आंत आपस में चिपके मिले हैं। सिर में एक चोट भी मिली है। उसी से मौत होने की बात सामने आई है। चर्चा रही कि मनोज शराब के साथ मादक पदार्थ का भी लती था। वह 5 भाईयों में तीसरे नंबर का था। कोतवाल अखिलेश पांडेय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

सुविधा | विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के गांव मरौंदा मझवारा में खुला जनसेवा केंद्र

# प्रमाणपत्र बनवाने को नहीं लगानी पड़ेगी दौड़

परियर उन्नाव, अमृत विचार। विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के गांव मरौंदा मझवारा में जनसेवा केंद्र बनकर तैयार हो गया है। इससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है। अब ग्रामीणों को सरकारी सेवाओं जैसे दस्तावेज़ सत्यापन, बैंकिंग व अन्य ऑनलाइन कार्यों के लिए शहर या तहसील के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। गांव में पंचायत भवन में जनसेवा केंद्र खुलने से लोगों को घर के पास ही सभी सरकारी सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। यहां आधार अपडेशन, राशन कार्ड, वोटर आईकार्ड, पैनकार्ड, जाति, आय व निवास प्रमाण पत्र, विद्युत बिल भुगतान व पेंशन आदि सेवाएं उपलब्ध हैं। ग्रामीणों ने कहा कि अब उनका शहर आने-जाने का किराया व समय बचेगा। जिससे उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। कहा कि इससे न केवल ग्रामीणों को सुविधा मिली है बल्कि स्थानीय युवाओं को किसी भी फॉर्म अप्लाई के लिए दूर नहीं जाना होगा। ग्राम प्रधान मंजू पत्नी आलोक तिवारी ने बताया कि इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य डिजिटल इंडिया अभियान को जमीनी स्तर पर उतारना व ग्रामीणों के समय व धन की बचत करना है। केंद्र शुरू होने से विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे गांव में ही मिल सकेगा।



तैयार जनसेवा केंद्र।



परियर, अमृत विचार। शिक्षक की तैयारी कर रहे राजन यादव ने गांव में जनसेवा केंद्र खुलने पर प्रधान का आभार जताते हुए कहा कि गांव में ऐसी सुविधा से तैयारी कर रहे युवाओं को किसी भी ऑनलाइन काम के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।



परियर, अमृत विचार। पुलिस की तैयारी कर रहे शिवदीप यादव ने बताया कि गांव में इन सुविधाओं का लाभ मिलने से पैसों व समयकी की बचत होगी। साथ ही सभी प्रकार के आधुनिक व आनलाइन कार्य समय पर आसानी से हो सकेंगे।

### युवकों ने मां और बेटे को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर खुर्द गांव निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 17 मार्च की सुबह 8 बजे वह खेत में बटाई की सरसों की झोराई कर रहा था। आरोप है कि तभी गांव के रईश बेग, फैसल बेग, फैजान बेग व रहमान बेग लाठी-डंडों व अवैध असलहे के साथ वहां पहुंचे और गाली- गलौज कर उसे खेत से भाग जाने की धमकी देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उससे मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां कौशिल्या (70) से भी मारपीट की। एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# पोल से टकराया ट्रैक्टर, चालक की मौत

बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार। उन्नाव-लालगंज हाइवे पर तेज पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रिक होकर पोल से टकरा गई। हादसे में चालक की मौत हो गई। वहीं साथ रहे दो मजदूरों को मामूली चोटें आई।


मोहन का फाइल फोटो।

बिहार थानाक्षेत्र बैजुआमऊ गांव निवासी मोहन वर्मा (40) पुत्र जगन्नाथ एक ईंट भट्टा में ट्रैक्टर चालक था। बीती सोमवार शाम गांव के साथी मजदूर मोहित पुत्र सजन व राजू पुत्र पीताम्बर के साथ भट्ठे से ट्राली में ईंट लादकर उन्नाव आया था। जहां से खाली ट्रैक्टर लेकर लौटते समय बीघापुर कोतवाली अंतर्गत उन्नाव-लालगंज हाईवे पर अकवाबाद टोल प्लाजा के पास अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गया। इसमें मोहन गंभीर घायल हो गया। वहीं साथी मजदूरों को मामूली चोटें आईं। हाईवे की एंबुलेश मोहन को बीघापुर के 100 बेड अस्पताल लाई। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव मोर्चरी भेजा। कोतवाल राजपाल ने बताया कि पिता की सूचना पर पोस्टमार्टम कराया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क हादसे में घायल विवाहिता की मौत



बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। कन्नौज जिला के गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के हंस पुरवा गांव निवासी कमलेश 11 मार्च को पत्नी प्रीति (23) के साथ अपने डेढ़ माह के बीमार बेटे के इलाज के सिलसिले में बांगरमऊ कस्बा आया था। लौटते समय बांगरमऊ - बिल्हौर मार्ग पर पीछे से तेज रफ्तार बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। इससे उछलकर सड़क में गिरने से प्रीति के सिर पर गंभीर चोट आ गई थी। एंबुलेंस से उसे सीएचसी लाया गया। जहां से डॉक्टर ने उसे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया था। पति कमलेश ने बताया कि कानपुर के कल्याणपुर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार भोरपहर मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने इलाज के नाम पर उससे 3 लाख से अधिक रुपए ले लिए।

**मुकद्दस रमज़ान**



- 28वां रोज़ा–
- अफ्तार–बुधवार 6:10 बजे
- 29वां रोज़ा–
- सहरी–गुरुवार 4:57 बजे।

**न्यूज ब्रीफ**

### उपनिरीक्षक सहित तीन पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक सोमल राय पासवान, हेड कांस्टेबल सत्यवीर सिंह और जंग बहादुर को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने लाइन हाजिर कर दिया है। यह जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय ने बताया यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा की गई है।

### चक रोड विवाद में मारपीट, दी तहरीर

**हरदोई, अमृत विचार।** सांडी थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव में चक रोड के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। गांव निवासी बृज किशोर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 मार्च को चकरोड के विवाद को लेकर कुछ लोग उससे अभद्र भाषा में बात करने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। इस घटना में बृज किशोर के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत में नामित सभासदों की घोषणा

**संवाददाता, हरदोई**

- नवनियुक्त सभासदों को मिठाई खिलाकर किया खुशी का इजहार

**अमृत विचार।** बहुप्रतीक्षित नामित सभासदों की सूची आखिरकार शासन ने विधान सभा चुनाव से पहले जारी ही कर दी। इस सूची का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। कई सालों से पार्टी की सेवा तथा समाजसेवा में लगे सभासद बनने का इंतजार कर रहे थे। आखिर उनके इंतजार की घड़ियां खत्म हो गई। शासन ने नगर पालिका व नगर पंचायतों की नामित सभासदों की सूची जारी कर दी। हरदोई नगर पालिका में रीना गुप्ता, संतोष कुमार पटेल, अनूप सिंह मोनू, आकाश पाठक तथा विनोद कुमार धानुक को सभासद मनोनीत किया गया।

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार नगर पालिका में परिषद में पांच सभासदों को नामित किया है। नगर पालिका परिषद में महेंद्र बाल्मीकि, अजीत सिंह, सुभाष रस्तोगी, यदुवीर सिंह और मधु मिश्रा को सभासद नामित किया गया है। नगर पालिका के पांच सभासद नामित हो जाने के बाद बोर्ड में भाजपा के सभासदों की पकड़ मजबूत होगी।

पिहानी संवाददाता के अनुसार भाटन टोला निवासी पियूष शुक्ला, किरणकांति शुक्ला, विमलेश गुप्ता , आदर्श सिंह तथा अमित कुमार को भी सभासद के रूप में नामित किया गया है। मल्लावां संवाददाता के अनुसार सभासदों की सूची आने पर भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से खुशी का इजहार जाहिर किया गया तो कई चेहरों में मायूसी दिखी जो अपने को तय मान रहे थे। मल्लावां नगर पालिका के मोहिउद्दीनपुर वार्ड 4 निवासी वीरेन्द्र कुमार मिश्रा "बाबा " जो पूर्व भारतीय जनता पार्टी संगठन में नगर कोषाध्यक्ष और वर्तमान में महामंत्री के रूप में पार्टी का झंडा बुलंद कर रहे। गंगारामपुर वार्ड 19 निवासी महेंद्र कुमार श्रीवास्तव जो लम्बे समय से पार्टी के कार्यकर्त्ता के रूप में पहचान बनाई जो पूर्व में नगर उपाध्यक्ष पद और वर्तमान में सेक्टर संयोजक है। बाजीगंज वार्ड 9 निवासी गीता गुप्ता वर्तमान में महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधि के रूप में पार्टी में काम कर रही है। बंदीपुर वार्ड 18 निवासी अमित कुमार वर्मा "शालू " जो पार्टी में नगर मंत्री पद पर काम कर चुके है। गोवर्धनपुर वार्ड 8 निवासी रामनरेश गौतम जो अनुसूचित जाति मौर्चा के नगर अध्यक्ष है।

माधौगंज संवाददाता के अनुसार नगर पंचायत के गाधीं नगर निवासी बालगोविंद गुप्ता व पटेल नगर निवासी सीमा सिंह अर्कवंशी ने कहा वार्ड से जो जिम्मेदारी मिली है उसके लिए में हर सम्भव काम करने का प्रयास करुगी। वही नगर पंचायत कुरसठ में गौरी नगर वार्ड निवासी रजत सिंह पटेल को नामित सदस्य नियुक्त किया गया है। पंतनगर वार्ड से सुधीर पाठक को नामित सदस्य नियुक्त किया गया है।

सांडी संवाददाता के अनुसार नगर पालिका परिषद मे भाजपा कार्यकर्ता श्याम जी शर्मा ,सुशील गुप्ता , सरला गुप्ता ,आसाराम वर्मा व सत्यकिशोर राजपूत को बनाया गया है। संडीला संवाददाता के अनुसार शरद कुमार चौरसिया, शिवम सक्सेना, अतुल गुप्ता, अमन बाबू और रुचि अस्थाना को नामित सभासद बनाया गया है। सभासद घोषित होने की सूचना मिलते ही नगर की राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों में तेजी आ गई है। समर्थकों ने नव-नियुक्त सभासदों को बधाई देते हुए खुशी जाहिर की। वहीं स्थानीय नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि ये सभी सदस्य नगर के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और जनसमस्याओं के समाधान के लिए आगे आएंगे। नगर में अब विकास कार्यों को लेकर नई उम्मीदें जागी हैं और लोगों को आशा है कि नव-नामित सभासद अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

## पंखा लगा रहे अधेड़ की करंट लगने से मौत, बच्चे हुए अनाथ

**हरदोई, अमृत विचार।** खाना खाने के बाद अधेड़ कमरे में पंखा लगा रहा था। उसी बीच वह करंट की चपेट में आ गया। उसकी चीख सुनकर बरामदे में खाना खा रहे बच्चे दौड़ पड़े। उसे वहां से उठाकर सीएचसी माधौगंज पहुंचाया गया, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। माधौगंज थाने के बढ़नवा निवासी 51 वर्षीय दिनेश उर्फ विष्णु खेती-बाड़ी करता था। करीब दो साल पहले उसकी पत्नी की मौत हो चुकी थी। परिवार में उसकी तीन बेटियां व एक बेटा है। सोमवार की रात दिनेश खाना खा कर सोने के लिए अपने कमरे में बिस्तर लगाने चला गया, जबकि बच्चे खाना खा रहे थे। कमरे में पंखा लगा रहा अधेड़ करंट की चपेट में आते ही उसके मुंह से चीख निकल पड़ी, बच्चे दौड़कर पहुंचे और पिता को उठाकर सीएचसी माधौगंज पहुंचे, लेकिन उसी बीच उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

# 22 बच्चियों को लगा एचपीवी का टीका

## सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ जंग की शुरुआत, सीडीओ ने किया टीकाकरण का शुभारंभ

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** जनपद में किशोरियों को गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से सुरक्षित रखने हेतु अभियान का शुभारंभ जिला महिला चिकित्सालय में सीडीओ सान्या छाबड़ा ने फीता काटकर किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 14वां जन्मदिन मना चुकी परन्तु 15वां जन्मदिन अभी नहीं मनाया है वे बच्चियां यह टीका लगवा सकती हैं। सभी अभिभावकों से अनुरोध है, कि वह अपनी बच्चियों का एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं और उन्हें सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखें। यह टीका बिल्कुल सुरक्षित है।

स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जविन विष्णु गोगोई ने बताया सर्वाइकल कैंसर वैश्विक स्तर पर चौथा सबसे आम कैंसर है । सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पैपिलोमावायरस के लगातार संक्रमण के कारण होता है। ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) से होने वाला सर्वाइकल कैंसर, एकमात्र ऐसा कैंसर है जिसका समय पर टीकाकरण द्वारा प्रभावी रूप से रोकथाम की जा सकती है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. आरके सिंह ने बताया कि जनपद में लगभग 48,000 बच्चियों को टीका लगाया जाना है, जिसके लिए पर्याप्त वैक्सीन उपलब्ध है। पहले तीन माह यह वैक्सीन जिला महिला चिकित्सालय में ही लगाई जायेगी, उसके उपरान्त समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। वैक्सीनेशन के समय अभिभावक की सहमति आवश्यक है।



अभियान का शुभारंभ करतीं सीडीओ सान्या छाबड़ा।

### चाइल्ड केयर गिवर प्रशिक्षण का डीएम ने किया समापन

**हरदोई, अमृत विचार।** बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी में संचालित चाइल्ड केयर गिवर प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रशिक्षणार्थियों का मार्ग दर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, आंचलिक प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया हरदोई अंचल, अग्रणी जिला प्रबंधक, आरसेटी निदेशक, एवं समस्त आरसेटी स्टाफ उपस्थित रहा।



शीतल और बलदेव का मुंह मीठा कराते परिजन। अमृत विचार

### जिले के दो होनहार बने असिस्टेंट प्रोफेसर

**हरदोई, अमृत विचार।** हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा– 2024 के भूगोल विषय में सफलता प्राप्त कर सीएसएन महाविद्यालय के दो शोध छात्र–छात्राओं कु . शीतल रस्तोगी तथा बलदेव सिंह यादव ने महाविद्यालय सहित जनपद का गौरव बढ़ाया है। छात्रा शीतल रस्तोगी भूगोल की विभागाध्यक्ष प्रो पुष्पा रानी गंगवार तथा छात्र बलदेव सिंह यादव भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ रजनीश कुमार के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं। उक्त दोनों छात्र–छात्राओं की सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कौशलेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने मिष्ठान खिलाकर हर्ष व्यक्त किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## राजीव बने अध्यक्ष व श्रवण सचिव

**संवाददाता, हरदोई**

- भारत विकास परिषद की हरदोई शाखा का चुनाव संपन्न

**अमृत विचार।** भारत विकास परिषद शाखा हरदोई की त्रैमासिक बैठक में चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया को विधिवत संपन्न कराने हेतु सीतापुर से पधारे चुनाव अधिकारी एवं प्रांतीय वित्त सचिव हरीश शाह उपस्थिति रहे।

कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रांतीय गतिविधि संयोजक सेवा डॉ सुरेश अग्निहोत्री ने विश्वजीत सिंह आचार्य सरस्वती विद्या मंदिर का नाम प्रस्ताव किया। इसी क्रम में सचिव पद के लिए राजवर्धन श्रीवास्तव ने कवि श्रवण कुमार मिश्रा राही का नाम प्रस्तावित किया। अध्यक्ष पद के लिए आरसी पाठक ने राजीव मोहन अवस्थी प्रवंधक जेके पब्लिक स्कूल का प्रस्ताव रखा। पूरे सदन द्वारा सर्वसम्मिति से ध्वनि मत से समर्थन देकर सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए। परिषद के संरक्षक डॉ एपी सिंह ने कहा परिषद ने सदैव सेवा कार्यों को प्राथमिकता दी है आने बाले समय में सेवा कार्य के लिए और अधिक प्राथमिकता से काम करेंगे। परिषद से जुड़े नवीन सदस्यों डॉ सी. के. गुप्ता, डॉ. नवीन सक्सेना, भानू शंकर सिंह एवं मोहनीश चंदेल को प्रांतीय गतिविधि संयोजक सम्पर्क राजीव कुमार मेहरोत्रा द्वारा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन गौरव सिंह भदौरिया ने किया।



फूल मालाओं से सम्मानित भारत विकास परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

## डीएम ने जन सनुवाई में सुनीं 66 शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 66 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई में मंगलवार एक निराश्रित महिला पेंशन तथा दो बच्चों को बाल सेवा योजना का लाभ दिलाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। कुछ शिकायतों का डीएम ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्टेट अरूणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## तीन अस्पताल संचालकों को नोटिस जारी

**संवाददाता, हरपालपुर, हरदोई**

- हरपालपुर में स्वास्थ्य टीम की छापेमारी से मचा हड़कम्प

**अमृत विचार।** मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कस्बे में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों में अचानक छापेमारी मारा, जिससे वहां पर हड़कंप मच गया। छापेमारी की भनक लगते ही कई क्लीनिक संचालक अस्पताल छोड़कर मौके से फरार हो गए, वहीं कई निजी अस्पतालों में धड़ाधड़ शटर गिरा दिए गए। हालांकि टीम में शामिल नोडल अधिकारी ने तीन अस्पताल संचालको को नोटिस देकर एक सप्ताह के अंदर वैध अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बताते चलें कि कस्बे सहित समूचे कटियारी इलाके में अवैध रूप से संचालित तमाम मेडिकल स्टोर,पैथोलॉजी लैब, क्लीनिक और छोटे अस्पताल लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। क्षेत्र में लगभग एक दर्जन से अधिक पैथोलॉजी लैब, क्लीनिक और अस्पताल बिना डिग्री और बिना रजिस्ट्रेशन के राम भरोसे संचालित किए जा रहे हैं। इन अबैध अस्पतालों में न तो मानक पूरे किए जा रहे हैं और न ही संचालकों के पास मान्य डिग्री या रजिस्ट्रेशन है। कुछ स्थानो पर बड़े बड़े बोर्ड लगाकर क्षेत्र की भोली भाली जनता को गुमराह करके इलाज के नाम पर भर्ती करके उनसे मनमाना पैसा वसूला जाता है।मंगलवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद पांडेय ने नोडल अधिकारी डॉ. अजीत मणि नीलम के साथ कस्बे के न्यू कृष्णा हॉस्पिटल,न्यू लाइफ हॉस्पिटल, नीलकंठ पाली क्लीनिक सहित कई अस्पतालों में अचानक छापेमारी की।स्वास्थ्य टीम की छापेमारी से अवैध अस्पताल संचालको में हड़कम्प मच गया। छापेमारी की भनक लगते ही आनन फानन में कई क्लीनिक संचालक अपनी अपनी क्लीनिक छोड़कर मौके से फरार हो गए।स्वास्थ्य टीम ने तीन अस्पताल संचालको को नोटिस देते हुए एक सप्ताह में अभिलेख प्रस्तुत कर नोटिस का जबाव देने को कहा है।



अस्पताल में छापेमारी करते नोडल अधिकारी। अमृत विचार

## पीएम श्री विद्यालय मुजाहिदपुर की छात्राओं ने फहराया परचम

**हरदोई, अमृत विचार।** पीएम श्री विद्यालय मुजाहिदपुर की छात्रा अंशिका और काजल ने कम उम्र में अपनी मेधा का परचम लहराया है। अंशिका ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 41वीं रैंक हासिल की, वहीं काजल का विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा में चयन होने से पूरा विद्यालय परिवार फूला नहीं समां रहा है।

बावन ब्लाक के पीएम श्री विद्यालय मुजाहिदपुर के प्रधानाध्यापक हेमंत कुमार पाण्डेय ने बताया कि कक्षा-5 की छात्रा अंशिका पुत्री उदय प्रताप व काजल पुत्री कन्हैया लाल ने अपनी मेहनत और लगन से विद्यालय का नाम रोशन किया है। अंशिका ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में 41वीं रैंक हासिल की है, वहीं विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा में काजल का चयन हुआ है। प्रधानाध्यापक ने छात्राओ का मुंह मीठा कराया। साथ ही दूसरी छात्राओं से कहा कि वे भी अपनी मेहनत से कामयाबी हासिल करें। श्री प्राथमिक विद्यालय मुजाहिपुर के कक्षा 5 की छात्रा अंशिका पुत्री उदय प्रताप निवासी ग्राम मुजाहिदपुर और काजल पुत्री कन्हैयालाल निवासी ग्राम मुजाहिदपुर ने कामयाबी हासिल की है।



## कैदियों को निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन और नाश्ते की व्यवस्था की जाए : जिला जज

**संवाददाता, हरदोई**

- न्यायिक अधिकारियों ने डीएम व एसपी के साथ जिला कारागार का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**अमृत विचार।** जिला जज रीता कौशिक ने जिलाधिकारी अनुनय झा, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव के साथ जिला कारागार के पुलिस एवं महिला बैरकों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जो गरीबी कारण जमानत नहीं करा सकते उनके लिए शासकीय अधिवक्ता कराने का आश्वाशन दिया। इस अवसर पर जिला जज ने महिला बैरिक में उनके बच्चों को पोषण किट आदि उपहार दिये।

निरीक्षण के दौरान उन्होने कारागार अस्पताल में भर्ती बीमार कैदियों का हाल-चाल जाना तथा पाकशाला जाकर खाने आदि की गुणवत्ता की जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि कैदियों को निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन एवं नाश्ते आदि की व्यवस्था की जाये। इस अवसर जेल अधीक्षक अमन प्रताप सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी दिलीप कुमार आदि मौजूद रहे।



जिला कारागार का निरीक्षण करतीं जिला जज, डीएम व एसपी।

## बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आज से

**हरदोई, अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य बुधवार से शुरू होगा। इंटरमीडिएट की पुस्तिकाएं जीआईसी इंटर कॉलेज में जांची जाएगी। जबकि हाई स्कूल की वेणी माधव विद्यापीठ, आरआर इंटर कॉलेज में जांची जाएगी। वेणी माधव विद्यापीठ इंटर कॉलेज में हाई स्कूल की 1,12,629 तथा आरआर इंटर कॉलेज में हाई स्कूल की 1,27,960 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा । इसी प्रकार राजकीय इंटर कॉलेज हरदोई में 1,56,101 उत्तर पुस्तिकाएं इंटरमीडिएट की जांची जाएगी। मूल्यांकन केंद्रों के अंदर किसी भी अवांछनीय तत्व का प्रवेश नहीं होने दिया जाएगा। केन्द्र के बाहर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई है।



नवनिर्मित पंचायत भवन का शुभारंभ करते ब्लाक प्रमुख रवि प्रकाश।

### नवनिर्मित पंचायत भवन का किया उद्घाटन

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत सैंती में नवनिर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन मंगलवार को मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रवि प्रकाश ने फीता काटकर किया। ग्राम प्रधान फरीद गाजी और सचिव सुधीर सिंह ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि ग्राम वासियों को पंचायत भवन से सरकारी कामों जैसे परिवार रजिस्टर नकल, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे कामों के अब ब्लॉक के चक्कर नहीं लगाने होंगे। कहा कि यहां अब प्रधान और सचिव अपने साप्ताहिक रोस्टर के अनुसार मौजूद रहेंगे। पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता, एडीओ पंचायत नरेंद्र वर्मा, प्रधान आलोक गुप्ता, अरविन्द कुमार, उदयराज, पुष्पेंद्र वर्मा, कपिल पाल, अशोक त्रिवेदी, सर्वेन्द्र राव, आवेश अहमद, पूर्व प्रधान अमित गुप्ता, प्रधान विनोद पाल आदि मौजूद रहे।

## चैत्र नवरात्रि कल से, प्रात : 6 :40 के बाद स्थापित होगा कलश

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** इस बार वासंन्तिक नवरात्र 19 मार्च दिन गुरुवार से ही छयवती प्रतिपदा में नया संवत्सर 2083 प्रारंभ हो रहा है। राम जानकी मंदिर के मुख्य पुजारी मैथलीशरण ने बताया कि कलश स्थापना प्रातः 6:40 के बाद किया जाएगा। प्रथम दिन शैलपुत्री एवं मुख निर्मालिका गौरी जी का पूजन दर्शन किया जाएगा। संवत्सर के राजा गुरु हैं।। कहते हैं ब्रह्मा जी ने सृष्टि का आरंभ चैत्र मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि को किया था। इसी दिन मत्स्यावतार भी हुआ था और सतयुग का आरंभ भी इसी दिन से हुआ था, इसलिए इस दिन सूर्योदय के साथ हिंदू नव वर्ष तथा नव संवत्सर का स्वागत करना चाहिए। अपने घर तथा मंदिर को ध्वज पताका तोरण आदि से सजाकर सुसज्जित करना चाहिए। माता जी का नौ दिनों तक विशेष पूजन अर्चन करना चाहिए। दुर्गा सप्तशती जी का पाठ दुर्गा चालीसा का पाठ बड़े भक्ति भाव से करना चाहिए। इस वासन्तिक नवरात्र में भगवान श्री राम जी का जन्मोत्सव भी हुआ था इसलिए इस नवरात्रि में भगवान श्री राम जी का जन्मोत्सव भी बड़े धूमधाम से मनाया जाता है जो चैत्र मास शुक्ल पक्ष तिथि नवमी पुनर्वसु नक्षत्र दिन शुक्रवार को 27 मार्च 26 को मनाया जाएगा इसलिए भगवान श्री राम जी का भी विशेष पूजन अर्चन करना चाहिए श्री राम रक्षा स्तोत्र पाठ श्री राम चालीसा का पाठ बड़े भक्ति भाव से करना चाहिए, जिससे माता रानी और भगवान श्री राम जीकी विशेष कृपा प्राप्त हो जाए।



नवरात्र में पूजन सामग्री खरीदतीं महिलाएं। अमृत विचार



नवरात्रि पर पूजन के लिए माता दुर्गा की मूर्ति खरीदतीं महिलाएं।

## विहिप व बजरंग दल ने नवरात्रि पर मांस की दुकानें बंद रखने की मांग उठाई

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** नवरात्र पर्व के दौरान, विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी पचदेवरा शिवनारायण सिंह को ज्ञापन सौंपकर मांस की दुकान बंद रखने की मांग की है। इसके साथ ही, कई स्थानों पर नवरात्रि मेलों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग भी की गई है, ताकि धार्मिक भावनाओं का सम्मान सुनिश्चित किया जा सके। दुकानें बंद रखने की मांगः क्षेत्र के अनंगपुर, भरखनी,हथौड़ा चौराहा, नारायणपुर, धानीनगला, आमतारा जैसे स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने मांस-अंडे की बिक्री पर रोक लगाने के लिए थाना प्रभारी को ज्ञापन दिया है। विहिप-बजरंग दल ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो वे स्वयं प्रतिबंध लागू करने के लिए आगे आएंगे। कहा कि इन गतिविधियों का उद्देश्य हिंदू धर्म के पवित्र त्योहार के दौरान धार्मिक मर्यादा और सुरक्षा बनाए रखना बताया गया है। इस दौरान विहिप के जिला सह संस्कार प्रमुख अजीत प्रताप सिंह, बजरंग दल के जिला सह संयोजक प्रशांत सिंह, प्रखण्ड उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा, सच्चिदानंद मिश्रा, कौशलेंद्र सिंह, अजय सिंह चौहान, शिवांशु सिंह, राजवीर सिंह, आकाश शुक्ल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



थाना प्रभारी पचदेवरा को ज्ञापन सौंपते विहिप व बजरंग दल के पदाधिकारी। अमृत विचार



रोजा

शिया

सहरी : 04.43 बजे

अफ्तार : 06.29 बजे

सुन्नी

सहरी : 04.50 बजे

अफ्तार : 06.19 बजे

# लंबी लाइन फिर भी जनरेटर क्यों नहीं चल रहा: डिप्टी सीएम

## सिधौली सीएचसी के औचक निरीक्षण के बाद भड़के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

### सीएचसी प्रभारी से बोले- लंबी लाइन लगी फिर भी एक्सरे नहीं हो रहा, होगी कार्रवाई

**अमृत विचार:** डिप्टी सीएम बृजेश पाठक सीएचसी सिधौली पहुंचे, फिर मॉस्क लगाकर लंबी लाइन का हिस्सा बने। मरीजों से संवाद किया तो अव्यवस्था की तस्वीर सामने आ गई। एक्सरे कक्ष के बाहर मरीजों से बातचीत करते उन्होंने सीएचसी अधीक्षक के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दे डाले, परिसर के भीतर पसरी गंदगी पर दो टूक में कहा कि जब तक सफाई नहीं हो जाती, कोई भी नहीं जाएगा।

मंगलवार दोपहर एक बजे का समय था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली में पर्चा काउंटर के बाहर लंबी लाइन लगी थी। उसी लाइन में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक खड़े हो गए। लगभग पांच मिनट तक उन्होंने मरीज और तीमारदारों से संवाद किया। फिर एक्सरे कक्ष की ओर रुख किया। यहां लंबी लाइन लगी थी। कारण पूछा तो मरीजों ने तपाक से जवाब दिया कि कहा जा रहा है कि लाइट नहीं, लेकिन बल्ब तो जल रहा है। अव्यवस्था की तस्वीर सामने आने पर डिप्टी सीएम बिफर पड़े। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद सिंह को फटकार लगाते हुए कहा कि बिजली नहीं है तो जनरेटर क्यों नहीं चल रहा, जवाब में सीएचसी प्रभारी ने कहा कि मैं ओटी में था।



पर्चा काउंटर पर लाइन में खड़े डिप्टी सीएम।



सीएचसी सिधौली में मरीज से जानकारी लेते डिप्टी सीएम।



सीएचसी प्रभारी सिधौली को परिसर में पसरी गंदगी को दिखाते उप मुख्यमंत्री।




परिसर में आमजन और तीमारदारों से दवाओं की उपलब्धता की जानकरी लेते डिप्टी सीएम। अमृत विचार

बेतुका उत्तर सुन डिप्टी सीएम ने सीएचसी प्रभारी के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। परिसर में पसरी गंदगी को लेकर कहा कि जब तक सफाई नहीं हो जाती, स्टाफ नहीं जाएगा। सवा घंटे के औचक निरीक्षण में दवाओं की उपलब्धता, एक्सरे कक्ष सहित वार्डों का निरीक्षण भी किया गया।

### डिप्टी सीएम से मिलीं आशा कार्यकत्रियां

**सीतापुर।** डिप्टी सीएम निरीक्षण कर ही रहे थे, इसी दौरान बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री पहुंच गईं। सभी ने वेतन की मांग को लेकर अपनी अपनी समस्याएं साझा कीं। उधर, लखनऊ रवाना होते उपमुख्यमंत्री ने आउट सोर्स एवं अन्य स्रोतों से संबद्ध हुए सफाईकर्मियों का वेतन काटने के निर्देश भी दिए।

## 7वीं के छात्रों ने दिया 6 वीं का पेपर

**संवाददाता, गोंदलामऊ / रामगढ़। अमृत विचार :** जनपद के विकासखंड गोंदलामऊ में शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां जूनियर हाईस्कूलों में परीक्षा के पहले ही दिन कक्षा 7 का प्रश्नपत्र नहीं पहुंच सका। स्थिति यह रही कि जिम्मेदार अधिकारी मौन रहे और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता रहा। मजबूरी में लिया फैसला जानकारी के अनुसार, सोमवार को कक्षा 7 के छात्रों का कृषि विज्ञान का पेपर होना था। लेकिन ब्लॉक के जूनियर विद्यालय महसूई, रामगढ़, गोपालपुर पश्चिम और बरताल समेत दर्जनों स्कूलों में प्रश्नपत्र पहुंचा ही नहीं। आनन-फानन में शिक्षकों ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर या तो खुद पेपर तैयार किए, ऐसे में बच्चों से कक्षा 6 के प्रश्नपत्र हल करवाएं। महसुई के शिक्षक अतुल यादव व रामगढ़ के प्रधानाचार्य हरीश सिंह ने बताया कि पेपर न आने पर वैकल्पिक व्यवस्था की गई। खंड शिक्षा अधिकारी सिमी निगार से संपर्क किया गया, तो उनका फोन नहीं उठा।

## प्लाईवुड फैक्ट्री विवाद में अब ब्रिटिश वारिसों की तलाश

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** प्लाईवुड प्रोडक्ट्स फैक्ट्री का मामला अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गया है। 150 बीघा की बेशकीमती जमीन को सरकारी राजस्व में दर्ज करने की प्रशासनिक कवायद के बीच पूर्व पालिकाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरन को पत्र लिखा है। अधिवक्ता आशीष मिश्रा ने उच्चायोग से फैक्ट्री के मूल ब्रिटिश मालिक हेनरी थॉमसन के कानूनी वारिसों की तलाश करने की मांग की है। उनका तर्क है कि जब तक मूल मालिकों का पता नहीं चलता, तब तक राज्य सरकार की अधिग्रहण की कार्रवाई रोकी जानी चाहिए।

बता दें कि 1939 में स्थापित यह फैक्ट्री 25 वर्षों से बंद है। हाल ही में जिलाधिकारी ने इस जमीन को लेकर सार्वजनिक नोटिस जारी किया था। आशीष मिश्रा का कहना है कि ब्रिटिश वारिसों के मिलने से न केवल स्वामित्व स्पष्ट होगा, बल्कि हजारों मजदूरों के बकाये और फैक्ट्री के पुनरुद्धार की राह भी खुलेगी।

## कौशल केंद्र के नाम पर लाखों की ठगी

**संवाददाता, गोंदलामऊ। अमृत विचार :** मिश्रिख तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आधार और कौशल विकास केंद्र दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ितों ने क्षेत्राधिकारी मिश्रिख को शिकायती पत्र सौंपकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। ग्राम केशावामऊ निवासी नीरज कुमार और बरगदहा निवासी अखिलेश ने आरोप लगाया कि कस्बा मिश्रिख निवासी एक युवक ने उनसे केंद्र दिलाने के नाम पर 2.40 लाख रुपये लिए, जिसमें से कुछ राशि ऑनलाइन और 1.64 लाख नकद दिए गए। वहीं, ग्राम रामगढ़ निवासी धर्मेंद्र कुमार ने भी इसी युवक पर आधार केंद्र के नाम पर 25 हजार रुपये ठगने का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने क्षेत्राधिकारी मिश्रिख को प्रार्थना पत्र दिया है।



कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण। अमृत विचार

## रोजगार नहीं तो सरकार नहीं: डॉ. वर्मा

**संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार :** बिसवां विधानसभा क्षेत्र में 'मनरेगा बचाओ यात्रा' के दूसरे दिन मंगलवार को विभिन्न गांवों में संवाद सभाओं का आयोजन किया गया। कमुआ में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए यात्रा प्रभारी डॉ. आर.पी. वर्मा ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि शिक्षित और अशिक्षित बेरोजगारों को रोजगार देने में सरकार पूरी तरह विफल रही है। यदि युवाओं को काम नहीं मिला, तो आने वाले समय में बेरोजगार इस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। डॉ. वर्मा ने दावा किया कि जिले में करीब 10 लाख मनरेगा मजदूर और 8 लाख शिक्षित बेरोजगार काम के लिए भटक रहे हैं। सभा में शिव प्रकाश सिंह ने मनरेगा को सामाजिक परिवर्तन का हथियार बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार इसे जानबूझकर कमजोर कर रही है। वहीं, सुनीला रावत ने स्थानीय विधायक की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्षेत्र के 82 हजार मनरेगा मजदूर बेहाल हैं, लेकिन जनप्रतिनिधि मौन हैं। यात्रा का कमुआ, कौरासा और गेरवा माफी में स्वागत हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### 5 वांछित व वारंटियों को किया गया गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपद की पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 5 वांछित व वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, थाना रामकोट पुलिस ने वारंटी किशोरी व हरिद्वारी को पकड़ा, जबकि लहरपुर पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में वांछित मोतीलाल को गिरफ्तार किया। तम्बौर पुलिस ने अभियुक्त मनोज और रेउसा पुलिस ने वारंटी हरीश को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### अनियमितता को लेकर बिफरा संगठन

**बिसवां।** मानवाधिकार सहायता संघ एवं भारतीय किसान यूनियन टिकैत, जनमंच ने सकरन ब्लाक की दो पंचायतों में निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए खंड विकास अधिकारी सकरन शिरीष कुमार गुप्ता को देकर कार्रवाई की मांग रखी है। ब्लाक मुख्यालय पर अनिश्चित कालीन अमरण अनशन करने की घोषणा की है। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजकुमार मिश्रा, राम शंकर सिंह, सुशील राज, अबरार अहमद, रमेश भारती, अहमद खान आदि मौजूद थे।

### पेड़ से लटका मिला हिस्ट्रीशीटर का शव

**सीतापुर।** रेउसा क्षेत्र के ग्राम लूनियन पुरवा में सुबह हिस्ट्रीशीटर का शव पेड़ से लटकता मिला। परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह के मुताबिक, रामजीवन रेउसा थाने का हिस्ट्रीशीटर था। वह सुबह घर से कोर्ट में पेशी के लिए निकला था। इसके बाद उसका शव गांव के बाहर मिला।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**महोली।** कोतवाली पुलिस ने छह माह से फरार चल रहे नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नेरी-नेवादा चौकी प्रभारी विनोद सिंह के मुताबिक, मुखबिर की सूचना पर भुड़िया-कचूरा ओवरब्रिज के पास से आरोपी विपिन उर्फ गोलू (24) निवासी कचूरा को दबोचा। बताया कि आरोपी से जुड़ी घटना पिछले वर्ष 4 सितंबर की है। आरोपी ने अपने दोस्त की मदद से किशोरी को प्रेम-प्रसंग के जाल में फंसाकर अगवा कर लिया था।

### असलहे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कमलापुर पुलिस को सफलता मिली है। क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त को अवैध शस्त्रों के साथ दबोचा है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिसए टीम ने बिजवामऊ गढ़ी मछरेहटा निवासी लल्लू सिंह पुत्र जंगबहादुर सिंह को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक 315 बोर का नाजायज तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक अवैध बांका बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजीव कुमार चौहान, सिपाही अनिकेत, शुभम ढाका और रामआशीष शामिल रहे।

### दाखिल खारिज न होने पर लगाए गंभीर आरोप

**बिसवां।** नगर पालिका परिषद बिसवां में दर्ज संपत्ति में नाम परिवर्तन के एक मामले में लापरवाही का आरोप पीड़िता ने लगाया है। जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायर्ता के अनुसार, पूर्व नगर पालिका परिषद बिसवां में संपत्ति के अभिलेखों में नाम परिवर्तन के लिए आवेदन किया था। बताया गया कि उक्त संपत्ति का बैनामा वर्ष 2008 में उसके नाम किया जा चुका है और संपत्ति का दाखिल-खारिज पहले से दर्ज है। शिकायत में कहा गया है कि इस प्रकरण में एक व्यक्ति द्वारा आपत्ति लगाए जाने की बात कहकर मामले को टाल दिया गया

## प्रधानों ने सीखे डिजिटल पंचायत के गुर

**गोंदलामऊ।** विकास खंड गोंदलामऊ में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। प्रशिक्षक अनुराग बाजपेई और अमित शुक्ला ने ग्राम प्रधानों को सरकारी पोर्टल के संचालन, ऑनलाइन डेटा प्रबंधन और डिजिटल भुगतान की बारीकियों को समझाया। एडीओ पंचायत राजेश कुमार ने कहा कि तकनीक के प्रयोग से पंचायत कार्यों में पारदर्शिता आएगी। इस दौरान सचिव आशुतोष पाण्डेय, रमाकांत, संजय कुमार, ग्राम प्रधान अखिलेश कुमार, रामपाल यादव, सुरेंद्र अर्कवंशी, जीतू मिश्रा और नीरज राठौर सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# डीएम ने परखी विकास योजनाओं की रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों से जुड़ी बैठकें संपन्न हुईं। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला पोषण समिति और जिला आयुष समिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिला पोषण समिति की बैठक में डीएम ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की योजनाओं की गहन समीक्षा की। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर ब्लॉकवार लक्ष्य को तत्काल पूरा करने को कहा। टीएचआर वितरण और अन्य संकेतकों में खराब प्रदर्शन पर पिसावां, बेहटा और खैराबाद के अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए सुधार के निर्देश दिए। बैठक में सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार राव, बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



योजनाओं की समीक्षा करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

### बाउंड्रीवाल की मरम्मत के निर्देश

जिलाधिकारी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर करसा और सोन्सरी में जलभराव की समस्या तथा सरवाहनपुर, बड़ागांव, कोरौना, लश्करपुर व तालगांव में बाउंड्रीवाल मरम्मत के निर्देश सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। साथ ही रिक्त पड़े योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति और विद्युत कनेक्शन संबंधी कार्यों को प्राथमिकता पर पूर्ण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

## राजस्व कार्यों में ढिलाई पर बरती जाएगी सख्ती: डीएम

**सीतापुर।** जिलाधिकारी राजागणपति आर. ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व, गेहूं खरीद और कर-करेत्तर कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि वरासत, नामान्तरण और भूमि विवाद जैसे मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने सभी एसडीएम को निर्देश दिया कि तहसील स्तर पर लंबित वादों का प्राथमिकता से निस्तारण करें और बड़े बकायेदारों से वसूली तेज की जाए। उन्होंने आगामी गेहूं खरीद के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने और नेशनल हाईवे व चौराहों से अवैध अतिक्रमण हटाने के भी कड़े निर्देश दिए। बैठक में चारागाह की जमीनों पर चारा बुआई, फार्मर रजिस्ट्री और तालाबों के पट्टा आवंटन की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर एडीएम नीतीश कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक खालिद अंजुम, और सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय सहित सभी उपजिलाधिकारी मौजूद रहे।

## कवि पद्म कांत शर्मा अकादमी पुरस्कार से सम्मानित

**बिसवां।** वरिष्ठ साहित्यकार कवि पद्म कांत शर्मा प्रभात को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के 2022 के अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा से क्षेत्र के कला संस्कृति साहित्य जगत में खुशी की लहर है। इन्हें पुरस्कार प्रदान किए जाने के लिए राजनेताओं, राज्य मंत्री सुरेश राही, एमएलसी पवन सिंह चौहान, विधायक ज्ञान तिवारी, निर्मल वर्मा, साकेंद्र प्रताप वर्मा, पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव, अजित मेहरोत्रा, डॉ. अरुण त्रिवेदी, रामेश्वर प्रसाद, सुनील सारस्वत, अभिषेक वाजपेई, उदय प्रताप त्रिवेदी, कमलेश मृदु, आनंद खत्री, अशोक पुष्प, बृजभूषण पाण्डेय, आलोक गुप्ता, विकास बाजपेयी, आनंद मेहरोत्रा आदि सहित समाज सेवी, साहित्यकार कवियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## पालिका में पांच मनोनीत सदस्यों का स्वागत



रंग खेलकर खुशी का इजहार करते मनोनीत सभासद।

**लहरपुर।** शासन द्वारा नगर पालिका परिषद लहरपुर में पांच सदस्यों को नामित किए जाने के बाद क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। सोमवार रात सूची जारी होते ही नवनियुक्त सदस्यों उमेश मेहरोत्रा, सोनू रस्तोगी, संजीव शुक्ला, विनीत गुप्ता और देवेश कुमार अवस्थी के आवासों पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त सदस्यों को माला पहनाकर और अबीर-गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील वर्मा, ब्लॉक प्रमुख उमाशंकर वर्मा, पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, नारायण मेहरोत्रा, वीरेंद्र पुरी, मनोज गुप्ता, रमेश बाजपेई और भाजपा सभासद मनीष शुक्ला सहित अन्य समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## क्षेत्राधिकारी ने दिलाई यातायात नियमों की शपथ

**बिसवां।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल का यातायात माह का कस्बे के बाबा मनसाराम चुंगी चौकी पर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन बिसवां पुलिस क्षेत्राधिकारी अमन सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बिसवां राम राघव सिंह ने किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अमन सिंह के द्वारा राष्ट्रीय बजरंग दल के सभी कार्यकर्ताओं को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद प्रांत संगठन मंत्री वेद प्रकाश सचान, राष्ट्रीय बजरंग दल प्रांत उपाध्यक्ष देव जुनेजा, राष्ट्रीय बजरंग दल प्रांत महामंत्री आशुतोष वर्मा, विभाग संगठन मंत्री रमाकांत अवस्थी, बिसवां जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

## रोजगार न देने वाली सरकार को पलटें: आरपी

**बिसवां।** शिक्षित और अशिक्षित बेरोजगारों को रोजगार देने में सरकार विफल है अगर रोजगार नहीं तो सरकार भी नहीं रहेगी। बेरोजगारों को रोजगार न देने वाली सरकार को बेरोजगार पलट दे। उक्त विचार आज मनरेगा बचाओ यात्रा के स्वागत में कमुआ में आयोजित एक सभा को सम्बोधित करते हुए मनरेगा बचाओ यात्रा के प्रभारी डॉ. आर पी वर्मा ने व्यक्त किये। शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि मनरेगा सामाजिक परिवर्तन का हथियार है, भाजपा सरकार इसीलिए मनरेगा को खत्म कर सामाजिक परिवर्तन के काम को रोक रही है। सुनीला रावत ने इस अवसर पर कहा कि बिसवां विधान सभा क्षेत्र के 82 हजार मनरेगा मजदूर रोजगार नहीं पा रहे हैं। मनरेगा बचाओ यात्रा का कमुआ, कौरासा, गेरवा माफी में स्वागत और मनरेगा बचाओ संवाद सभाओ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन रोशनी गुप्त ने किया।

## नवसंवत्सर आध्यात्मिक व वैज्ञानिक उन्नति का प्रतीक: गोपाल शास्त्री

**नैमिषारण्य।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा यानी नवसंवत्सर के अवसर पर कालीपीठाधीश्वर एवं ललिता देवी मंदिर के प्रधान पुजारी गोपाल शास्त्री ने श्रद्धालुओं को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय नववर्ष केवल कैलेंडर का बदलाव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक, सामाजिक और वैज्ञानिक चेतना का संगम है। गोपाल शास्त्री ने समाज में एकता और समरसता पर जोर देते हुए कहा कि होलिका दहन के साथ अपने भीतर के विकारों को समाप्त कर हमें शुद्ध आचरण का संकल्प लेना चाहिए।



प्रधान पुजारी गोपाल शास्त्री

## 90 हजार लाभार्थियों को मिली आवास की पहली किस्त

**सीतापुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत प्रदेश के 90 हजार पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 900 करोड़ रुपये की प्रथम किस्त भेजी। कलेक्ट्रेट में आयोजित लाइव प्रसारण के दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने जनपद के 15 चयनित लाभार्थियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए। जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार हर जरूरतमंद को पक्का आवास देने के लिए संकल्पित है। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की कि वे धनराशि का उपयोग गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण में ही करें। नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी ने भी लाभार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एडीएम नीतीश कुमार सिंह, परियोजना अधिकारी डूडा मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जिलाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

## भाजपा का दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण सत्र संपन्न

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के 'दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान' के अंतर्गत सदर विधानसभा के नगर-1, नगर-2 और रामकोट मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर रविवार को संपन्न हुआ। शहर के एक गेस्ट हाउस में आयोजित इस कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता उपस्थित रहे। अनूप गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा विश्व की एकमात्र ऐसी पार्टी है जो अपने कार्यकर्ताओं को राष्ट्र धर्म और सेवा के लिए निरंतर प्रशिक्षित करती है। उन्होंने पदाधिकारियों को दुगनी ऊर्जा के साथ संगठन कार्य में जुटने का मंत्र दिया। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि इस दो दिवसीय शिविर से कार्यकर्ताओं की कार्य दक्षता में वृद्धि होगी। उन्होंने सफल आयोजन के लिए मंडल अध्यक्षों राजन गुप्ता, पंकज पांडे और अमित दीक्षित की सराहना की। इस अवसर पर विधानसभा प्रवासी जया सिंह, उदित वाजपेयी, नैमिष रत्न तिवारी और श्री प्रकाश सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सकरन ब्लॉक परिसर में प्रधान पर हमला

**सांडा।** सकरन विकास खंड परिसर में मंगलवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब दबंगों ने रेवान के ग्राम प्रधान अवधराम पर बिजली के केबल से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में प्रधान लहूलुहान हो गए। जानकारी के अनुसार, प्रधान सचिव आवास पर बैठे थे, तभी गांव के ही बबलू यादव, अनूप यादव और शहीद भट्ट ने उन पर हमला बोल दिया। पुलिस चौकी के कर्मियों ने हमलावरों को दबोच लिया। सांडा चौकी प्रभारी अरुण उपाध्याय ने बताया कि आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं और विधिक कार्रवाई की जा रही है।



घायल ग्राम प्रधान

# खेत में मिला महिला का शव, प्रेमी भी फंदे से लटका

संवाददाता, महोली/ सीतापुर।

- महोली कोतवाली क्षेत्र का है मामला, उलझी मौत की गुत्थी

**अमृत विचार :** महोली कोतवाली क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 45 वर्षीय महिला का शव खेत में और उसके कथित प्रेमी का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। मृतका रीमा (45) तीन बच्चों की मां थी और पिछले सात वर्षों से पति से विवाद के कारण मायके में रह रही थी।

परिजनों के अनुसार, देर शाम रीमा खेत की ओर गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। सुबह उसका शव बरामद हुआ। इसके कुछ ही देर बाद उसके कथित प्रेमी भारत का शव भी उसके घर में फंदे पर लटका मिला। परिजनों का आरोप है कि करीब चार साल से दोनों के बीच प्रेम संबंध थे और भारत ने ही महिला की हत्या करने के बाद खुदकुशी की है। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। क्षेत्राधिकारी महोली नागेंद्र चौबे ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह और घटनाक्रम स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## मेधावी बच्चों को मिले लैपटॉप

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार की 'मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड)' के तहत आज जनपद में लैपटॉप वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल द्वारा पात्र छात्र-छात्राओं को लैपटॉप वितरित किए गए, ताकि वे आधुनिक तकनीक के माध्यम से अपने भविष्य को सुनहरी उड़ान दे सकें।

जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने बताया कि यह योजना उन बच्चों के लिए एक बड़ा सहारा है, जिन्होंने कोविड काल के दौरान अपने माता-पिता या उनमें से किसी एक को खो दिया है। योजना के अंतर्गत बच्चों को 4, हजार रुपये की मासिक आर्थिक सहायता के साथ-साथ शिक्षा के लिए विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा 9 में अध्ययनरत बच्चों को लैपटॉप इसलिए दिए जा रहे हैं ताकि वे डिजिटल शिक्षा से जुड़ सकें।

# कानपुर ने 2-1 के अंतर से जीती प्रतियोगिता




- राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज

गुब्बारा उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते डीएम डॉ. राजा गणपति आर.।

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** जिला खेल कार्यालय द्वारा खेल निदेशालय के तत्वाधान में स्थानीय स्टेडियम में 'ओपन स्टेट आमंत्रण पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता' का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने गुब्बारे उड़ाकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि इस राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें सीतापुर, कानपुर, वाराणसी, गाजीपुर, बरेली, हरदोई, गोरखपुर, उन्नाव, पीलीभीत व बस्ती जनपद की टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहला मैच उन्नाव और पीलीभीत के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसका परिणाम बराबरी पर छूटा। दूसरा मैच कानपुर ने मेजबान सीतापुर को 2-1 के अंतर से हराकर जीत दर्ज कर ली। इस अवसर पर यूपी फुटबॉल संघ के ऑब्जर्वर नेतई सरदार, जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा सहित खेल विभाग का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## आईआईएम टीम ने परखी जल जीवन मिशन की हकीकत

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** जनपद में संचालित 'जल जीवन मिशन' की योजनाओं को और बेहतर बनाने के लिए सोमवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ की विशेषज्ञ टीम ने विभिन्न गांवों का दौरा किया। टीम ने जलापूर्ति की नियमितता, पानी की गुणवत्ता और ओवरहेड टैंकों के रख-रखाव का गहन मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद भी किया। ग्रामीणों ने बताया कि घर-घर नल से जल पहुंचने से न केवल समय की बचत हुई है, बल्कि स्वास्थ्य में भी सुधार आया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इस आकलन से प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर योजनाओं में आवश्यक सुधार किए जाएंगे ताकि ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

# जिला पुरुष चिकित्सालय में डॉक्टरों की ड्यूटी कम, हंसी-ठिठोली ज्यादा

## बेलगाम हो चुकी स्वास्थ्य व्यवस्थाः अमृत विचार की पड़ताल में कदम-कदम पर दिखी स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही और अव्यवस्था


बिना एप्रेन के बैठे हंसी-ठिठोली करते डॉ. मो. आजम व डॉ. अशोक व अन्य।


ओपीडी कक्ष में मोबाइल पर बिजी हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. डीपी सरोज।


जिला अस्पताल में बिना एप्रेन पहने मरीजों को परामर्श देते चिकित्सक।


इमरजेंसी में बिना एप्रेन ड्रेस के बैठे डॉ. प्रशांत तिवारी व फार्मासिस्ट अमर सिंह।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिला पुरुष चिकित्सालय जहां हर गरीब और जरूरतमंद अपनी आखिरी उम्मीद लेकर पहुंचता है। लेकिन जब यहां पर उसी उम्मीद का गला घोंट दिया जाए, तो यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि संवेदनहीनता की पराकाष्ठा बन जाती है। मौजूदा हालात यही बयां कर रहे हैं कि सीएमएस की सुस्त और कमजोर कार्यशैली ने पूरे सिस्टम को बेलगाम कर दिया है। यहां अब नियम नहीं, बल्कि कदम-कदम पर मनमानी चल रही है। जिसका खामियाजा यहां आने वाले मरीजों और तीमारदारों को भुगतना पड़ रहा है।

जिला अस्पताल में चार्ज संभालने के बाद से अब तक सीएमएस न तो डॉक्टरों को एप्रेन पहनाने में सफल हो पाए हैं, और न ही बेलगाम हो चुके ढीठ स्वास्थ्य कर्मियों पर लगाम कस सके हैं। नतीजा यह है कि जिला अस्पताल में अनुशासन मजाक बन चुका है। अमृत विचार की पड़ताल में मंगलवार को जिला अस्पताल में डॉक्टर अपनी कुर्सी पर एप्रेन टांगकर मरीजों को परामर्श देते नजर आए। यह दृश्य सिर्फ अव्यवस्था नहीं, बल्कि उस जिम्मेदारी का अपमान है जिसे निभाने की शपथ ली गई है। सबसे ज्यादा दर्दनाक तस्वीर उन मरीजों की है जो घंटों लाइन में खड़े रहते हैं। अंततः यह मुश्किल डगर पार करने के बाद जब उनका नंबर आता है तो हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. डीपी सरोज को लगा मोबाइल प्रेम उनके इस भरोसे को तोड़ देता है। मंगलवार को ओपीडी में स्टूल पर हाथ में पर्चा लिए और लाइन में खड़े होकर मरीज इंतजार कर रहे थे और डॉक्टर साहब फोन पर व्यस्त थे। इस लाइन में कोई दर्द से कराह रहा था तो कोई बुजुर्ग दूसरे के सहारे से खड़ा था।

यही हाल फीजिशियन डॉ. अशोक वर्मा, डॉ. राधाकृष्णा, डॉ. मो. आजम व डॉ. अशोक, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण पाल, सर्जन डॉ. जेके लाल, डॉ. रूद्रांश व इमरजेंसी में डॉ. प्रशांत तिवारी, फार्मासिस्ट अमर सिंह व ईसीजी टेक्नीशियन धीरेंद्र त्रिपाठी का भी है। ओपीडी में यह सभी डॉक्टर बिना एप्रेन पहने नजर आए। यह सिर्फ एक लापरवाही नहीं, बल्कि उस मानवीय संवेदना का अंत है, जो एक डॉक्टर की पहचान होती है।

**मरीजों की जिंदगी पर भारी पड़ रही अस्पताल मैनेजर की चालाकी:** जिला अस्पताल में स्थिति इतनी गंभीर है कि सीएमएस लगातार गुमराह हैं, जिसका पूरा फायदा अस्पताल के मैनेजर डॉ. बीआर यादव उठा रहे हैं। हास्पिटल मैनेजर ने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ना सीख लिया है। डॉक्टरों को एप्रेन पहनाना हो या कर्मचारियों की मनमानी रोकना, कुछ भी उनके दायरे में नहीं आता। हर छोटी गलती का ठीकरा सीएमएस पर फोड़ा जाता है, जबकि हकीकत में यह सिस्टम का सबसे कमजोर और दिखावटी हिस्सा मैनेजर ही है। लैब कलेक्शन सेंटर में बारकोड बनाने वाला कर्मचारी काम में व्यस्त रहा, जबकि सामने वाला मोबाइल पर हंसी-ठिठोली करता रहा और जिम्मेदार बस सीएमएस को बताता रहा कि "सब ठीक है।" एप्रेन कुर्सी पर टंगी, जिम्मेदारी गायब और मरीज बेहाल नजर आए।

### व्यवस्थाओं को लेकर क्या बोले जिम्मेदार

जिला पुरुष चिकित्सालय में मनमानी व लापरवाही स्वास्थ्य कर्मियों के सवाल पर सीएमएस डॉ. पुष्पेंद्र कुमार उनकी ही ढाल बनकर खड़े हो गए। उनका कहना है कि मेरे कार्यालय में आइए। आप जब मौके पर थे तो उसी समय सूचना देना चाहिए, मैं उसके खिलाफ कार्रवाई करता हूं। वहीं इस संबंध में सीएमओ डॉ. नवीन चंद्रा का कहना है कि उन्हें मामले की कोई जानकारी नहीं है। इस संबंध में सीएमएस से बात करें क्योंकि वह ही स्पष्ट कर सकते हैं। फिलहाल इसकी जांच कराई जाएगी।

### ड्यूटी में पटल छोड़कर मोबाइल पर टाइम पास करते हैं कम्प्यूटर ऑपरेटर

लैब कलेक्शन सेंटर में हालात और भी शर्मनाक है। इस तस्वीर में शीशे के अंदर कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे कम्प्यूटर ऑपरेटर अशोक हैं जो सैंपलों की शीशी पर बारकोड लगा रहा है। जबकि दूसरा सामने पड़े पत्थर पर नीली शर्ट में कुंडली मारे बैठे कम्प्यूटर ऑपरेटर नीरज है, जिन्हें ड्यूटी के दौरान मरीजों के कार्य में हाथ बटाने के साथ-साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना चाहिए, लेकिन वह अपने कर्तव्यों को भूलकर और सीएमएस के निर्देशों को ठेंगा दिखाकर मोबाइल पर हंसी-ठिठोली में व्यस्त है। यह वही जगह है जहां हर सैंपल किसी मरीज की जिंदगी का हिस्सा होता है, इसके बावजूद कर्मचारी मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इस बीच जब अमृत विचार का कैमरा चला तो उनकी हंसी रुक गई और कर्मचारी कैमरे की तरफ पीठ करके अपना मुखड़ा छिपाने की कोशिश करने लगा। इससे यह प्रतीत है कि सीएमएस की कमजोर पकड़ का ही नतीजा है कि कर्मचारी अब खुलेआम बहाने बना रहे हैं। कोई खुद को बाथरूम में बताता है, तो कोई कहता है कि सीएमएस ने काम से भेजा था। यह झूठ सिर्फ बहाना नहीं, बल्कि उस सिस्टम की सच्चाई है जहां जवाबदेही खत्म हो चुकी है।


पैथालॉजी कलेक्शन सेंटर के सामने बेंच पर बैठ कर मोबाइल पर बात करता कम्प्यूटर ऑपरेटर नीरज।

### संरक्षण प्राप्त महिला कर्मी नहीं पहनती ड्रेस

इनसे मिलिए यह सीटी स्कैन विभाग में महिला कर्मी रश्मि हैं। यह कुछ भी करें उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। हां इतना जरूर है कि उनकी फोटो कैमरे में कैद करने के लिए पहले उनसे परमीशन लेनी पड़ती है। अमृत विचार की पड़ताल के दौरान महिला कर्मी रश्मि का कहना है कि यह सरकारी अस्पताल है यहां पर किसी को फोटो खींचने की परमीशन नहीं है। इस दौरान उनके चेहरे पर सरकारी कर्मी होने का रौब और अहंकार साफ झलक रहा था। एक तो यह अक्सर बिना ड्रेस और गले में बिना आई कार्ड डालकर अस्पताल के सिटी स्कैन में आती है। जिन्हें न तो अदब से किसी आम नागरिक से बात करने की तहजीब की फिक्र है। उनका ऐसा व्यवहार मानो पूरा सिस्टम इन्हीं के इशारे पर चलता हो। यहां पर सेवा भाव होने की जगह अहंकार और लापरवाही का बोलबाला है।


सिटी स्कैन कक्ष में बिना ड्रेस कोड के ड्यूटी करती महिला कर्मी।


बिना एप्रेन ड्रेस के बैठे डॉक्टर।


बिना एप्रेन ड्रेस के महिला मरीज का उपचार करते चिकित्सक। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### होली मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**छतोह :** मंगलवार को छतोह ब्लॉक के ग्राम धरई में समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही पीडीए पंचायत का भी आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष इं. वीरेंद्र सिंह यादव रहे। इस मौके पर जुबेर आलम, मो. आसिफ, मंसूर अहमद, राजाराम तिवारी, मातादीन कोरी, उमाशंकर तिवारी, उमेश पाण्डेय आदि कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। सपा मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष राम नेवाज यादव ने कहा कि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक पूरी तरह से सपा की सरकार बनाने को कटिबद्ध है। इसके अलावा जिला सचिव विनोद यादव, सुरेश कुमार निर्मल, अनुसूचित सभा के जिलाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश पासवान, विधान सभा अध्यक्ष पुत्तन सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मौर्य आदि ने भी सभा को संबोधित किया। संचालन सपा ब्लॉक अध्यक्ष राम किशोर यादव पुजारी ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य बृजमोहन पासी, राजेश कुमार यादव, संजय मौर्य, अशोक पासी, गंगाराम पूर्व प्रधान, नन्हें लाल पटेल, शिव कुमार यादव, राम बरन यादव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### पंचायत की शिक्षक संकुल बैठक संपंन

**सरेनी :** मंगलवार को सरेनी न्याय पंचायत की शिक्षक संकुल बैठक प्राथमिक विद्यालय हथनासा में संपंन हुई। बैठक में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर पृथक-पृथक तय एजेण्डा के तहत बिन्दुवार चर्चा की गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी ने शिक्षा के उन्नयन एवं संवर्धन के लिए शिक्षक संकुल बैठकों की आवश्यकता, उपयोगिता, अनिवार्यता एवं अपरिहार्यता को रेखांकित किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक राघवेंद्र सिंह, नागेन्द्र सिंह, रीता गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह, संदीप गुप्ता, राम कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कोडीन रहित सीरप पिलाने से बच्चे की हालत बिगड़ी

### मेडिकल स्टोर सील

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले में एक गंभीर घटना सामने आई है, जिसमें एक बच्चे की हालत एक औषधि के सेवन के बाद बिगड़ गई। औषधि निरीक्षक शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कोडीन युक्त बताई जा रही "Codex-Dx" सीरप से बच्चे की तबियत अचानक बिगड़ गई और उसे जिला चिकित्सालय के पीडियाट्रिक आईसीयू में भर्ती करना पड़ा। जिला अस्पताल में अधोहस्ताक्षरी पूछताछ में यह पता चला कि यह सीरप बच्चे के पिता बिंदादीन द्वारा एक मेडिकल स्टोर से खरीदी गई थी। बच्चे को दो खुराक-5 एमएल प्रत्येक-13 और 14 मार्च को दी गई, जिससे बच्चे को सेडेशन और बेहोशी की स्थिति उत्पन्न हुई। बच्चे को तुरंत सीएचसी खीरों से जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना के बाद औषधि निरीक्षक और पुलिस बल ने बनईमऊ बाजार में धर्मप्रीत मेडिकल स्टोर और साई मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि फर्मों में औषधियों की बिक्री बिना अभिलेखों के हो रही थी। साथ ही किसी भी स्टोर में नारकोटिक्स या Codex-Dx औषधि का भंडारण नहीं मिला। निरीक्षण रिपोर्ट में अन्य कमियों का उल्लेख किया गया है और सहायक आयुक्त औषधि लखनऊ मंडल को नोटिस जारी करने की संस्तुति की गई है।

पूछताछ में बच्चे के पिता ने संकेत किया कि सीरप खरीदने का स्रोत एक बंद मेडिकल स्टोर था, जिसका बोर्ड भी नहीं था। फर्म संचालक अरविन्द यादव से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल बंद पाया गया। घटना के बाद औषधि निरीक्षक ने औषधि एवं सौंदर्य प्रशासन की धारा 22 (1)(d) के तहत संबंधित फर्म से सभी औषधियों के क्रय-विक्रय को रोकते हुए फर्म पर नोटिस चस्पा कर सील कर दिया। इसकी सूचना थाना खीरो लालगंज को भी दे दी गई है। इस मामले ने स्पष्ट कर दिया है कि औषधि वितरण में गड़बड़ी बच्चों की जान के लिए खतरा बन सकती है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि ऐसे मामलों की सख्त जांच और निगरानी जारी रहेगी।

### शासन से नामित हुए निकाय सदस्य

**ऊंचाहार, अमृत विचार।** प्रदेश शासन ने स्थानीय निकायों के लिए सभासदों का मनोनयन किया है। ऊंचाहार नगर पंचायत के लिए तीन सभासदों को नामित किया गया है।

ज्ञात हो कि स्थानीय निकायों में शासन द्वारा सभासदों का मनोनयन किया जाता है। तीन साल पहले हुए स्थानीय निकाय चुनाव के बाद यह मनोनयन नहीं हुआ था। लंबे समय से उम्मीद लगाए भाजपा के नेता मनोनयन की प्रतीक्षा कर रहे थे। इस बीच सोमवार की देर शाम शासन द्वारा नामित सदस्यों की सूची जारी की गई। जिसमें ऊंचाहार नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता ओम प्रकाश साहू को दूसरी बार शासन द्वारा सदस्य मनोनीत किया गया है। इनके अलावा नगर के पूर्व सभासद रहे तारकेश्वर मिश्र को इस बार शासन द्वारा नामित किया गया है। सबसे बड़ा चौकाले वाला नाम तीसरा जगतपाल पासी का रहा। इन्हें ऊंचाहार नगर में शासन द्वारा सभासद नामित किया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष ममता जायसवाल ने सभी नामित सदस्यों को बधाई दी है।

# नामित सभासदों को किया गया सम्मानित

### दी गई बधाई

लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने लालगंज नगर पंचायत में पार्टी की मंडल मंत्री दीपा सिंह चौहान, महामंत्री राजेश निर्मल और मंडल मंत्री एवं व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष सानू वाजपेई उर्फ गिरजा शंकर बाजपेई को सभासद नामित किया है। सभासदों के मनोनयन पर लालगंज नगर में खुशी का माहौल है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला संरक्षक व भाजपा के वरिष्ठ नेता दीप प्रकाश शुक्ला, जिलाध्यक्ष रोहित सोनी और नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा के नेतृत्व में सीएमपीएस इंटर कॉलेज में सानू वाजपेई के स्वागत सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने प्रतीक चिन्ह भेटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विवेक शर्मा, दीप प्रकाश शुक्ला, अनूप पांडे, सुशील शुक्ला, कैलाश बाजपेई, मनोज अवस्थी, जेपी सिंह, प्रोफेसर अविनाश सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, शिवम गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।


गिरिजा शंकर उर्फ सानू बाजपेई का सम्मान करते व्यापार मंडल के लोग।


अनुपमा पाण्डेय।


विजय कुमार।


सूर्य प्रकाश वर्मा।

**नगर पंचायत में तीन सदस्यों को बनाया गया नामित सभासद, महराजगंज:** उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2 सन् 1916) की धारा 9 की उपधारा (1) के खंड (घ) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा नगर पंचायत महराजगंज के लिए तीन सदस्यों को सभासद के लिए नामित किया है। तीन सभासदों के नामित होने पर भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। महराजगंज नगर पंचायत के आर्य नगर वार्ड के लिए अनुपमा पाण्डेय, शांति नगर के लिए विजय कुमार धीमान व पैगम्बर नगर वार्ड के लिए सूर्य प्रकाश वर्मा को सभासद के लिए नामित किया गया है। राज्यपाल द्वारा नामित सभासदों की सूची आने के पश्चात क्षेत्र में खुशी का माहौल है और क्षेत्रीय लोग उक्त सदस्यों की इस सफलता पर उनके द्वारा लगातार संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार किये जा रहे प्रयासों का परिणाम बता रहे हैं और उन्हें बधाई दे रहे हैं।

### राज्यपाल ने संगठन के 3 सदस्यों को किया नामित

**बछरावां।** उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2 सन् 1916) की धारा 9 की उपधारा (1) के खंड (घ) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अधोलिखित तालिका के स्तंभ-2 में उल्लेखित नगर पंचायत में उनके सम्मुख स्तंभ-4 में उल्लिखित व्यक्तियों के नाम निर्दिष्ट सदस्यों के रूप में नामित किए गए हैं। इस क्रम में बछरावां में मनोज मिश्रा पुत्र स्व. गिरजा शंकर मिश्र निवासी वार्ड नंबर 8 शिवगढ़ रोड बछरावां, आशुतोष रावत पुत्र राजीव कुमार निवासी कुटी मोहल्ला शिवगढ़ रोड बछरावां, नरेंद्र कुमार पुत्र परम सुख निवासी वार्ड नंबर एक दक्षिण चमरहिया बछरावां का नाम सूची में उल्लेखित किया गया है। उक्त सदस्यों के नाम की सूची आने के पश्चात क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**सरेनी (रायबरेली) अमृत विचार।** सोमवार की रात अनियंत्रित बाइक की साइकिल से टक्कर हो गई। जिससे बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह हादसा सोतवाखेड़ा रसूलपुर मार्ग के मां अंबिका धाम के पास की है। थाना क्षेत्र के लालपुर मजरे छतौना गांव के रहने वाले शिवमंगल (30) पुत्र स्व. श्याम सुंदर बाइक से रसूलपुर से सोतवाखेड़ा जा रहे थे। रास्ते में अंबिका धाम से सौ मीटर आगे तेज रफ्तार बाइक सवार अनियंत्रित होकर साइकिल से टकरा गया, जिससे वह घायल हो गया। राहगीरों ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाल रमेश चंद्र यादव का कहना है कि शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत, मचा कोहराम

**बछरावां (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुरावा मजरे विशुनपुर गांव के पास सड़क पार कर रहे एक वृद्ध की तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवगढ़ थाना क्षेत्र के कोटवा निवासी सुंदरलाल पुत्र देवली (70) थाना क्षेत्र के पहुरावा मजरे विशुनपुर गांव में भांजे भगवती प्रसाद पुत्र छोटेलाल के साथ रहते थे। मंगलवार की सुबह वह किसी काम से हाईवे मार्ग पार कर दूसरी तरफ जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पार करते समय उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। जिन्हें परिजनों द्वारा सीएचसी बछरावा पहुंचाया गया, जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक परीक्षण के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### जाति प्रमाण पत्र निरस्त करने की शिकायत की

**महराजगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** कसौधन जाति का प्रमाण पत्र बनाने की होड़ लगी है। क्षेत्र के अधिकांश बनिया जाति के लोग अपने आपको कसौंधन बताकर जाति प्रमाण पत्र बनवाने के प्रयास में हैं। हाल ही में कस्बे के संदीप वैश्य के आवेदन पर तहसीलदार ने कसौंधन जाति का प्रमाण पत्र जारी किया। वहीं संदीप के पिता शोभनाथ से क्षेत्रीय लेखपाल साक्ष्य मांग रहा है। यही नहीं साक्ष्य के अभाव में संदीप के पिता का आवेदन निरस्त कर दिया गया, जिसको लेकर कसौंधन जाति के लोगों में आक्रोश है। पीड़ित शोभनाथ ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की है। उनका कहना है कि आन लाइन आवेदन में सारे साक्ष्य दाखिल किए हैं इसके बाद भी हल्का लेखपाल ने आवेदन निरस्त कर दिया। क्षेत्रीय लेखपाल संतोष पटेल ने बताया कि आवेदक ने कसौंधन बनिया होने का साक्ष्य नहीं दिया। इसलिए आवेदन निरस्त हुआ है। तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने बताया कि प्रकरण की जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### दिव्यांग उपकरण वितरण समारोह आयोजित

**डीह (रायबरेली)।** उत्तर प्रदेश सरकार एवं दिव्यांग कल्याण विभाग द्वारा मंगलवार को ब्लॉक सभागार में दिव्यांग उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी रहे। इस दौरान दिव्यांगो को तीन कान की मशीन, 9 ट्राई साइकिल, दो बैसाखी और एक स्मार्ट केन वितरित किया गया। उपकरण मिलने से सभी दिव्यांगजनों के चेहरे खुश से खिल उठे। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी शिवाकांत बाजपेई, एडीओ आईएसबी धर्मेंद्र श्रीवास्तव, प्रभारी सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण सचिन शुक्ला, दिव्यांग जन सशक्तिकरण कल्याण विभाग की साइकोलॉजिस्ट मनो चिकित्सक कल्पना श्रीवास्तव मौजूद रही।

### बढ़ी मुसीबत

#### ऑटो चालकों ने दस रुपए के स्थान पर 20 रुपए किराया वसूल करना शुरू किया

# खाता न बही जो ऑटो चालक कहे वही सही से लोग परेशान

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जी हां यह हकीकत है स्वयंभू वीवीआईपी शहर रायबरेली की। जो ऑटो चालक किराया बता दें वही आपको मानना पड़ेगा, अन्यथा ऑटो चालक की गालियां सुनने के लिए तैयार रहिये। गालियां सुनने के बाद भी आपको कोई रियायत नहीं मिलने वाली। हर हाल में आपको ऑटो चालक का बताया हुआ किराया तो देना ही पड़ेगा। मंगलवार को डिग्री कॉलेज के निकट स्टेट बैंक के सामने केनाल रोड पर एक बुजुर्ग दंपति एम्स मुंशीगंज से आये थे। वे 40 रुपये दे रहे थे, किन्तु ऑटो चालक ने खरी खोटी सुनाते हुए साठ रूपये लेकर ही माना। प्रतिदिन ऐसे ही दृष्य शहर में प्रायः देखने को मिल जाते हैं।

इन दृश्यों की नींव उसी दिन पड़ गयी थी जिस दिन शहर के यातायात नियंत्रण के लिए रूट चार्ट जारी किया गया था। रूट चार्ट जारी कर यातायात प्रभारी ने स्वयं अपनी पीठ थपथपा कर वाहवाही लूटी। रूट चार्ज जारी होने को ऑटो चालकों ने आपदा में अवसर तलाश करने के रूप में लिया। ऑटो चालकों ने दस रुपए के स्थान पर 20 रुपए किराया वसूल करना शुरू कर दिया। जबकि रूट चार्ट जारी होने के पूर्व शहर में कहीं भी आने जाने पर अधिकतम किराया दस रुपये ही था। रूट चार्ट जारी होते ही आटो वालों ने किराया बीस रुपये से पचास रुपये कर दिये। शहर में अधिकांश लोगों के पास दोपहिया या चौपहिया वाहन हैं, इसलिए उनकी सेहत पर ऑटो चालकों की मनमानी का कोई असर नहीं पड़ता है। रायबरेली शहर पांच किलोमीटर के क्षेत्र में बसा हुआ है। आटो चालक अगर 20 रुपये भी ले रहे हैं तो यह किराया चार रुपये प्रति किलोमीटर हुआ। जबकि लखनऊ और कानपुर जैसे शहरों में ऑटो का किराया एक रुपये प्रति किलोमीटर के लगभग है। पांच किलोमीटर एम्स का किराया 50 रुपये प्रति यात्री प्राइवेट टैक्सी के किराये के बराबर है। स्थानीय लोगों ने इस पर अंकुश लगाने की मांग की है।

**किराये का अर्थशास्त्र:** उत्तर प्रदेश परिवाहन निगम की बसों में लगभग 1,50 रुपये प्रति किलोमीटर है। जबकि ट्रेन का किराया पचास पैसे प्रति किलोमीटर है। दूरी बढ़ने पर किराया कम हो जाता है। लखनऊ और कानपुर में आटो का किराया एक रुपये प्रति किलोमीटर है। रायबरेली रेलवे-स्टेशन व बस स्टेशन से एम्स दरियापुर व आईटीआई लगभग पांच किलोमीटर है। जबकि ऑटो वाले एम्स व आईटीआई का 50 रुपये एक यात्री से वसूलते हैं।

**किराया नियंत्रण के लिए पहल:** ऑटो वालों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए नगर मजिस्ट्रेट को आरटीओ, आटो चालकों की यूनियन के पदाधिकारियों व नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के साथ संयुक्त बैठक कर किराया नियंत्रण का प्रयास करना चाहिए। इसी तरह इस समस्या का समाधान निकल सकता है, जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी और ऑटो वालों की मनमानी पर अंकुश लगेगा।


बस स्टॉफ चौराहे पर यात्रियों के इंतजार में खड़े ऑटो चालक। अमृत विचार

> नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था का सुदृढ़ और सहज बनाने के लिए संबंधितों को निर्देश दिए गए हैं। खासतौर पर उन्हें ऑटो चालकों द्वारा किसी भी तरह से मनमानी करने पर नजर रखने के लिए भी निर्देशित किया गया है।
>
> -रामऔतार, नगर मजिस्ट्रेट।

> नगर क्षेत्र में आटो चालकों द्वारा मनमाने तरीके से यात्रियों से किराया वसूलने की कोई जानकारी नहीं है। यदि उनके द्वारा इस तरह का दुस्साहस किया जा रहा है तो उनके खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -विनय कुमार तिवारी, यातायात प्रभारी, रायबरेली।

## न्यूज ब्रीफ

### 15 ग्राम स्मैक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**शुकुल बाजार (अमेठी) :** मंगलवार को थाना बाजार शुकुल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से 15 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इसी दौरान पुलिस ने राजू उर्फ रविन्द्र कुमार उपाध्याय (लगभग 30 वर्ष), निवासी ग्राम पूरे फल्लू पांडे मजरे महोना पूरब, थाना बाजार शुकुल, जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से 15 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### चोरों ने नकदी और जेवरात किया पार

**सिंहपुर (अमेठी) :** थानाक्षेत्र शिवरतनगंज के अंतर्गत पूरे बैशन मजरे जैतपुर निवासी शशि मयंक सिंह ने बताया कि सोमवार की रात चोर घर में रखे जेवरात और 13000 रुपए नगदी चुरा ले गए। घर पर कुछ निर्माण कार्य चल रहा था उसी टूटी दीवार से चोर घर के अंदर दाखिल हुए हैं। वहीं गांव निवासी राम गोपाल पाण्डेय की दरवाजे पर खड़ी बाइक चोर ले जाने में कामयाब रहे। सूचना पर थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्र और क्षेत्राधिकारी दिनेश मिश्र ने मौके का निरीक्षण किया और आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

### 19 से चैत्र नवरात्र का होगा शुभारंभ

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र 19 मार्च से प्रारम्भ हो रहे हैं। नवरात्र के प्रथम दिन श्रद्धालु घरों और मंदिरों में विधि-विधान से घट स्थापना कर माता दुर्गा का आह्वान करेंगे। पंडित कृष्णकांत मालवीय के अनुसार घट स्थापना का शुभ मुहूर्त प्रातः 7:20 से दोपहर 12:29 बजे तक रहेगा। वहीं स्वार्थसिद्धि योग प्रातः 6:52 से 7:20 बजे तक तथा अभिजीत मुहूर्त 11:40 से 12:29 बजे तक रहेगा, जो अत्यंत शुभ माना गया है।

### महिला की पिटाई

**कादीपुर, सुलतानपुर :** कोतवाली क्षेत्र के सलाहपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला की पिटाई का मामला सामने आया है। पीड़िता उषा पत्नी रमेश ने आरोप लगाया कि सोमवार सुबह विपक्षी उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों व लात-घूंसों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर गांव के संतोष, अमर बहादुर, हीरा, जैसू व सोनी केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# 10 दिन बाद कब्र से निकाला गया महिला का शव

## हत्या की आशंका: डीएम के आदेश पर प्रशासन की मौजूदगी में हुई कार्रवाई, पोस्टमार्टम से खुलेगा मौत का राज


शुक्लापुर गांव में शव निकलवाते नायब तहसीलदार व पुलिस टीम। अमृत विचार

सिंहपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के पूरे हिरई मजरे खरगपुर गांव की रहने वाली रुकसाना की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। डीएम के आदेश पर मौत के दस दिन बाद मंगलवार को कब्र खोदकर शव बाहर निकाला गया। इस दौरान नायब तहसीलदार व मोहनगंज थाना अध्यक्ष के साथ भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। जानकारी के अनुसार इम्तियाज अहमद की बहन रुकसाना का विवाह करीब 15 वर्ष पूर्व मोहनगंज थाना क्षेत्र के शुक्लापुर गांव निवासी अकील के साथ हुआ था। दंपती की एक दस वर्षीय पुत्री सारा भी है। परिजनों के मुताबिक रुकसाना पिछले कई वर्षों से बीमार चल रही थी और उसका इलाज भी कराया जा रहा था। बताया जा रहा है कि सात और आठ मार्च की रात रुकसाना की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष का आरोप है कि ससुराल वालों ने बिना सूचना दिए जल्दबाजी में शव को घर के सामने स्थित बाग में दफना दिया।

मृतका के भाई इम्तियाज अहमद ने हत्या की आशंका जताते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। डीएम के निर्देश पर मंगलवार को नायब तहसीलदार तिलोई अमीषा पटेल और मोहनगंज कोतवाल राकेश सिंह की मौजूदगी में कब्र खोदकर शव बाहर निकाला गया।

प्रशासन की कार्रवाई की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### शक के चलते पति ने पत्नी की डंडे से पीट पीट कर की थी हत्या, पति गिरफ्तार


प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाते भाजपा पदाधिकारी।

**गौरीगंज (अमेठी) अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में हुई एक महिला की हत्या का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया। इस मामले में मृतका के पति को ही आरोपी पाते हुए गिरफ्तार किया गया है। पूरा मामला 15 मार्च 2026 का है, जब 27 वर्षीय रेखा शाम के समय शौच के लिए घर से निकली थी। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की, जिसके बाद उसका शव गांव के बाहर 300 मीटर दूर गेहूं के खेत में मिला। मृतका के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर मृतका के पति मंशाराम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने हत्या की बात कबूल कर ली। उसने बताया कि दांपत्य जीवन में विवाद और शक के चलते उसने पहले ही पत्नी की हत्या की योजना बना ली थी। घटना वाली रात आरोपी मोटरसाइकिल से ससुराल पहुंचा और फोन कर पत्नी को खेत में बुलाया। वहां विवाद होने पर उसने लकड़ी के डंडे से सिर पर कई वार कर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी ने डंडा छिपा दिया और मोबाइल व सिम कार्ड को भट्ठे में जलाकर सबूत मिटाने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद कर लिया है और मोटरसाइकिल को भी कब्जे में ले लिया है। बड़ी बात यह है कि हत्या की घटना के बाद भागते समय वाहन चेकिंग के दौरान आरोपी की मोटरसाइकिल का चालान किया गया था, जो बाद में जांच में महत्वपूर्ण सुराग साबित हुआ।

# कृष्ण-सुदामा मिलन प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर

संग्रामपुर (अमेठी)

आस्था

● भक्ति के सागर में डूबा रहा कालिकन धाम


श्रीमद्भागवत की कथा सुनाते कथा वाचक आचार्य उमेश त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कालिकन धाम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन मंगलवार को भक्ति और उत्साह के माहौल में हुआ। अंतिम दिन कथा वाचक आचार्य उमेश त्रिपाठी ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। आचार्य ने सुदामा चरित्र के माध्यम से निष्छल प्रेम, समर्पण और सच्ची मित्रता का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा सुदामा के चरण धोना मित्रता के सर्वोच्च आदर्श का प्रतीक है। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति में डूबे नजर आए।

इसके बाद राजा परीक्षित के मोक्ष प्रसंग का वर्णन करते हुए तक्षक नाग की कथा सुनाई और जीवन-मरण के चक्र से मुक्ति का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल ज्ञान का माध्यम ही नहीं, बल्कि भगवान की भक्ति के जरिए आत्मिक शांति प्राप्त करने का मार्ग भी है। भजन-कीर्तन से पूरा पंडाल भक्तिमय बना रहा। समापन पर श्रद्धालुओं ने 'भागवत भगवान की जय' के जयकारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम का आयोजन शांति सेवा लोक कल्याण फाउंडेशन द्वारा किया गया।

# 3 मंदिरों में अराजकतत्वों ने की तोड़फोड़

डलमऊ (रायबरेली)


मौके पर मामले की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

● जलालपुर धई गांव में हुई वारदात फैली सनसनी

**अमृत विचार।** डलमऊ थाना क्षेत्र स्थित जलालपुर धई गांव में मंगलवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक के बाद एक तीन मंदिरों में तोड़फोड़ चोरी की घटना सामने आई। इससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

गांव निवासी दिलीप कुमार पुत्र स्व. अशोक कुमार रोज की तरह शिव मंदिर में पूंजा करने गए थे। इस दौरान मंदिर का बिखरा पड़ा सामान और पूजा में इस्तेमाल होने वाली एक घंटी गायब देखकर उनके होश उड़ गए। मंदिर में रखी राधा रानी की मूर्ति का स्थान बदल दिया गया था। इसके अलावा गांव के हनुमान मंदिर और हर शकनी माता मंदिर में भी अज्ञात अराजक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ और सामान अस्त-व्यस्त करने की घटना सामने आई। ग्रामीणों ने तत्काल गदागंज थाने में इसकी सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। हालात की गंभीरता को देखते हुए आसपास के कई थानों की फोर्स भी तैनात की गई। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई है। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था कायम है, लेकिन इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार मंदिरों को निशाना बनाए जाने से लोगों में आक्रोश है और आशंका जताई जा रही है कि यह किसी साजिश के तहत माहौल खराब करने की कोशिश हो सकती है। पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सलोन, कोतवाल ऊंचाहार अजय राय, जगतपुर कोतवाल पंकज त्यागी, डलमऊ कोतवाल राघवन सिंह और गदागंज इंचार्ज थाना प्रभारी मोहम्मद मुकरिम, वीरेंद्र यादव, विवेक सिंह, अजय पटेल, अमित मिश्रा आदि भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# पत्नी ने पति पर जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

तिलोई (अमेठी)

● मोहनगंज थाने में पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार।** मोहनगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत पूरे मुकुंद मजरे रमई निवासिनी सीमा थाने पर प्रार्थना पत्र देकर अपने पति उमेश पर मारपीट व जान से मारने की धमकी को लेकर मुकदमा दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पुरे मुकुंद मजरे रमई निवासिनी पीड़िता सीमा पत्नी उमेश कुमार ने मोहनगंज थाना पहुंचकर लिखित प्रार्थना पत्र देकर अपने ही पति पर आरोप लगाया कि दहेज को लेकर प्रतिदिन मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं और छोटी-छोटी बातों को लेकर रोज मारते पीटते हैं और बीते दिन सोमवार को पीड़िता को छोटी-छोटी बातों को लेकर उसके पति बेरहमी से लाठी डंडा व लात घुसो से कमरे में बंद करके जमकर पिटाई कर दी। जिससे पीड़िता के सिर व चेहरे सहित शरीर पर काफी असहनीय गंभीर चोटे आई। और दहेज में मिली दो पहिया वाहन से संतुष्ट न होने से पत्नी की आए दिन पिटाई करता था पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि जान से मारने की धमकी देते रहते हैं और मेरे मायके वालों को आए दिन गंदी-गंदी गालियां देते हैं और कहते हैं कि जब तक चार पहिया नहीं देंगे। तुमको इसी तरह मारता पीटता रहूंगा। पति के मार से तंग आकर पीड़ित महिला ने मोहनगंज थाना पहुंचकर शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। उक्त मामले में थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि पीड़िता के तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### ओम पब्लिक स्कूल के मेधावियों का हुआ सम्मान


मेधावी छात्रों को सम्मानित करतीं प्रधानाचार्या। अमृत विचार

**डीह (रायबरेली) अमृत विचार।** डीह कस्बा स्थित ओम पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को वार्षिक प्रगति पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्या अनुपम पांडेय द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक प्रभाकर पांडेय द्वारा विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय की एकेडमिक इंचार्ज सिमरीन, शिक्षक कुसुम सिंह, बबीता सिंह, पूनम पांडेय, आकृति सिंह, कृष्णा मौर्या, अंशिका, अल्फिया, अलीशा, महिमा, आरजू आदि लोग मौजूद रहे।

### कल्याणपुर फायरिंग कांड में 3 गिरफ्तार

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में 15 मार्च को जमीनी विवाद में हुई मारपीट व फायरिंग के मामले में पुलिस ने मंगलवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर की सूचना पर जमालपुर गांव की पुलिया के पास से पुलिस टीम ने दोपहर करीब 11-15 बजे इन्हें दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हेमू गौतम उर्फ हेमचंद, दुर्गेश दुबे उर्फ छोटू और प्रवेश सिंह के रूप में हुई है, जो जौनपुर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी हैं। सीओ कादीपुर ने बताया कि सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### किशोरी को भगाने का आरोप, केस दर्ज

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। घटना 13 मार्च की शाम करीब 4 बजे की बताई जा रही है, जब किशोरी घर से लापता हो गई। परिजन काफी तलाश करते रहे, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। सोमवार को किशोरी के पिता ने पड़ोसी गांव के युवक पंकज चौहान के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

### लटका मिला युवक का शव, परिजनों में कोहराम

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के शरीफपुर सिरवारा गांव में सोमवार रात एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बाहर कटहल के पेड़ से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी संदीप सिंह (25) सोमवार शाम अपने पिता त्रिभुवन सिंह के साथ बाजार से लौटे थे। इसके बाद पिता किसी काम से गोसाईगंज बाजार चले गए। सोमवार की रात करीब साढ़े सात बजे लौटने पर उन्होंने देखा कि संदीप का शव घर के बाहर पेड़ से गमछे के सहारे लटक रहा है। बेटे को पेड़ से लटकता देख परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय, उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया जा रहा है कि मृतक एक माह पहले मुंबई से घर लौटा था। उसकी पत्नी की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी वह एक ढाई वर्षीय बेटे का पिता था। मृतक के पिता, मां और भाई का रो-रोकर बुरा हाल है। जयसिंहपुर सीओ राम कृष्ण चतुर्वेदी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वार्षिक परीक्षा संपन्न, 13 छात्र रहे अनुपस्थित

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 2 से 8 तक की वार्षिक गणित व संस्कृत परीक्षाएं शांतिपूर्वक संपन्न हुईं। इस दौरान कुल 13 छात्र अनुपस्थित रहे। कम्पोजिट विद्यालय खानीपुर में प्रथम पाली में 107 में से 11 छात्र अनुपस्थित रहे, जबकि संस्कृत परीक्षा में भी 11 छात्र गैरहाजिर मिले। प्राथमिक विद्यालय खोरेपुर में गणित परीक्षा में 50 में से 2 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा में बीजगणित, ज्यामिति, सुभाषित व व्याकरण से जुड़े प्रश्न पूछे गए। खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मिश्रा ने चेतावनी दी कि परीक्षा में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### कंपोजिट विद्यालय में बेंच गुणवत्ता की हुई जांच

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम भरथुआ स्थित कंपोजिट विद्यालय में बेंचों की गुणवत्ता को लेकर हुई शिकायत की जांच मंगलवार को डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर की। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को सुनते हुए अभिलेखों का निरीक्षण किया और कंसल्ट इंजीनियर विशाल यादव को बेंचों की तौल व माप की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। बताया गया कि विद्यालय में 50 बेंचों की आपूर्ति शिवम फर्नीचर ट्रेडर्स द्वारा की गई थी, जिस पर करीब 3.20 लाख रुपये खर्च हुए। शिकायतकर्ता संतोष सिंह ने बेंचों की गुणवत्ता खराब होने और भुगतान में अनियमितता का आरोप लगाया है। जांच के दौरान बेंचों की तौल भी कराई गई, जिसमें मानक से कम वजन की बेंच मिलने की बात सामने आई।

### आलोक अध्यक्ष तो सूरज चुने गए महामंत्री

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक मुख्यालय पर मंगलवार को यू.पी जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पत्रकारों की समस्याओं, अधिकारों और संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें आलोक सिंह को अध्यक्ष और सूरज विश्वास को महामंत्री चुना गया।

# दीनबंधु के भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

संवाददाता, सुलतानपुर


भजन प्रस्तुत करे लोक गायक दीनबंधु सिंह। ● अमृत विचार

● हरिद्वार में 'देव उत्सव' के दौरान देखने को मिला भक्ति और संगीत का अद्भुत संगम

**अमृत विचारः** उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित हर की पौड़ी पर आयोजित "देव उत्सव" कार्यक्रम में भक्ति और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) एवं श्री गंगा सभा (रजिस्टर्ड), हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मां गंगा की पावन गोद में भजनों की अविरल धारा बही।

कार्यक्रम में जिले के निवासी अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक दीनबंधु सिंह ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजनों की मधुरता और भक्ति भाव से ओतप्रोत गायन ने ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु खुद को रोक नहीं सके और भजनों पर झूमने व नाचने लगे। हर की पौड़ी का पूरा क्षेत्र भक्ति और उल्लास के रंग में रंग गया तथा वातावरण भजन-कीर्तन से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने ताली बजाकर और झूमकर अपनी भावनाओं का इजहार किया। कार्यक्रम में वाद्य यंत्रों पर अमित धीमन (ढोलक), राहुल थापा (कीबोर्ड), राघव शर्मा (तबला), विनय शर्मा (ऑक्टोपैड) एवं सुमित (गिटार) ने संगत कर प्रस्तुति को और भी आकर्षक बनाया। इसके अलावा कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

# राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

संवाददाता, अमेठी



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि।

**अमृत विचार।** मंगलवार को जनपद के डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में वर्ष 2025-26 की ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल सचिव हैंडबॉल संघ अयोध्या प्रांजल तिवारी तथा जिला पंचायत सदस्य मुकेश यादव उपस्थित रहे। उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों की टीमें भाग ले रही हैं, जिससे खेल प्रतिभाओं को मंच मिल रहा है।

पहले दिन खेले गए मुकाबलों में लखनऊ ने सोनभद्र को 19-14 से हराया। गोरखपुर ने अयोध्या को 19-17 से मात दी, जबकि मऊ ने प्रयागराज को 14-08 से पराजित किया। वाराणसी ने मेरठ को 21-17 से हराया। अंतिम मुकाबले में लखनऊ ने गोरखपुर को 23-18 से हराकर जीत दर्ज की। इस अवसर पर संयुक्त सचिव अमित पाण्डेय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन में निर्णायकों व खेल विभाग के अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 19 मार्च 2026 को खेला जाएगा।

मिली मंजूरी

सीएनडीएस संस्था को सौंपी गई निर्माण कार्य की जिम्मेदारी

# 2.67 करोड़ रुपये से काढ़ूनाला पर बनेगा इको-टूरिज्म हब

राकेश मौर्या, जगदीशपुर (अमेठी)



वीर भाले सुल्तानी शौर्य वन स्थली।



इको-टूरिज्म हब का प्रस्तावित नक्शा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** काढ़ूनाला वन्य क्षेत्र को इको-टूरिज्म केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ी पहल शुरू हो गई है। करीब 2.67 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना पर जल्द ही काम मई माह से शुरू होने की संभावना है। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सीएनडीएस संस्था को सौंपी गई है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ वेटलैंड संरक्षण को मजबूत करना है।

उल्लेखनीय है कि परियोजना के तहत वन क्षेत्र की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सोलर फेंसिंग लगाई जाएगी, जिससे अतिक्रमण पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। साथ ही पर्यटकों के लिए सुरक्षित और आकर्षक वातावरण तैयार करने के लिए इको कॉटेज, इको कैफेटेरिया, वॉच टॉवर और व्यूइंग डेक का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा प्रीफैब पैदल पुल और वॉकिंग ट्रैक भी बनाए जाएंगे, ताकि लोग प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद सहजता से ले सकें। हस्तक्षेप का क्षेत्र वन क्षेत्र 1563515.70 वर्ग मीटर 156.35 हेक्टेयर इस

पर्यटन को और रोचक बनाने के लिए तालाब में बोटिंग सुविधा, घुड़सवारी ट्रेल और सेल्फी प्वाइंट विकसित किए जाएंगे। स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए परिसर में शौचालय, वाटर एटीएम और डस्टबिन भी स्थापित किए जाएंगे।

सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पूरे क्षेत्र में सोलर ऊर्जा से संचालित सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सीएनडीएस संस्था को सौंपी गई है।

### क्या बोले जिम्मेदार

जिला पर्यटन सूचना अधिकारी पारिजात पांडे ने बताया कि जियो हो गया है करीब 2.67 करोड़ की मंजूरी मिली है मार्च माह के अंत कार्य दाई संस्था को भुगतान किया जाएगा एवं निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सीएनडीएस संस्था को सौंपी गई परियोजना का कार्य शीघ्र शुरू होने की उम्मीद है।

## टीबी मरीजों को नहीं मिल रही आर्थिक सहायता

**संग्रामपुर (अमेठी)।** सीएचसी संग्रामपुर में तपेदिक (टीबी) मरीजों को जहां एक ओर निशुल्क इलाज और पोषणयुक्त सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है, वहीं दूसरी ओर 'नि-क्षय पोषण योजना' के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता पिछले करीब 10 महीनों से नहीं मिल रही है। इससे मरीजों में असंतोष देखा जा रहा है। मंगलवार को सीएचसी संग्रामपुर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष सिंह द्वारा टीबी मरीजों को पोषणयुक्त पोटली वितरित की गई। इस दौरान क्षेत्र के दर्जनों मरीजों को प्रोटीन और पोषण से भरपूर खाद्य सामग्री दी गई। अस्पताल में वर्तमान में 78 टीबी मरीजों का निशुल्क इलाज चल रहा है। लाभार्थी मरीजों ने बताया कि अस्पताल से उन्हें 'नि-क्षय पोषण योजना' के तहत मिलने वाली 1000 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता जून माह से अब तक उनके खातों में नहीं आई है।

